हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## ये तस्वीर बदलती क्यों नहीं..?

सिर पर परीक्षा, हर तरफ अव्यवस्था का आलम



### कबाड़खाने में पड़े हैं उपकरण, कहीं सामान ही नहीं

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर में प्रयोगशाला भवन का निर्माण 2 वर्ष पहले किया गया है, लेकिन विद्यालय में पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए कमरों की कमी के चलते इस प्रयोगशाला में कक्षा ग्यारहवीं की छात्र छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं। लैब उपकरण कबाड़खाने में हैं। जब कभी बच्चों को कुछ प्रयोगशाला से संबंधी जानकारी देना होता है तो उसे बाहर निकाला जाता है और बच्चों को बताया जाता है। तहसील मुख्यालय मैनपुर में ▶▶ शेष पेज 4 पर

# बदहाली की प्रयोगशाला... कहीं लैब को बना दिया स्टोररूम तो कहीं प्रैक्टिकल के लिए 12 किमी का सफर

रायपुर, भिलाई-देवीलाल साहू, धमतरी-दिलीप देवांगन, मैनपुर-हसन खान, मोहला- एनिशपुरी गोस्वामी की विशेष रिपोर्ट

छत्तीसगढ़ में स्कूल की प्रायोगिक परीक्षाएं नजदीक आ चुकी हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल के शेड्यूल के अनुसार, आज से 20 दिन बाद अर्थात 10 जनवरी से दसवीं-बारहवीं की प्रायोगिक परीक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगे। वहीं महाविद्यालयों में प्रथम वर्ष की प्रायोगिक परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। प्रदेश के ▶▶ शेष पेज 4 पर




### कक्ष नहीं उपकरणों की भी कमी

मोहला के कई स्कूलों में प्रैक्टिकल के लिए अलग से कक्ष नहीं हैं। उपकरणों की भी कमी है। मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में स्थापित 87 हाईस्कूल तथा हायर सेकंडरी स्कूलों में अध्यनरत सैकड़ों छात्र-छात्राएं अपने भविष्य के ऊंचाइयों को साकार करने में लगे हुए हैं। जिले के 36 हाईस्कूल तथा 51 हायर सेकंडरी स्कूलों में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायो जैसे विषय की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं के पास उनके स्कूलों में प्रैक्टिकल के लिए व्यवस्थित अलग से रूम नहीं है। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया है कि स्कूल के ही एक कमरे में प्रयोगशाला ▶▶ शेष पेज 4 पर

### एक छात्र करता है प्रैक्टिकल दूसरे सिर्फ देखते हैं

- दुर्ग जिले में नवीन सरकारी कॉलेजों में प्रैक्टिकल करने के लिए विद्यार्थियों को सबसे ज्यादा दिक्कतें उठानी पड़ रही है। शासकीय कॉलेज मंचादुर में लैब ही नहीं है। जिसकी वजह से यहां के विद्यार्थियों को 12 किलोमीटर दूर से उतई सरकारी कॉलेज प्रैक्टिकल करने के लिए आना पड़ता है।
- सरकारी कॉलेज रिसाली में एक की कमरे में फिजिक्स लैब, लाइब्रेरी और स्पोर्ट्स एक साथ चलते हैं। इस कॉलेज में जूलॉजी के विद्यार्थियों के लिए लैब की ऐसी व्यवस्था है कि स्टाफ के कमरे में उपकरण रखे गए हैं।
- निकुम महाविद्यालय, कुम्हारी महाविद्यालय और रानीतराई महाविद्यालय में उपकरण की कमी है। विद्यार्थी बताते हैं कि एक प्रयोग सामग्री का इस्तेमाल करता है तो पांच से दस विद्यार्थी केवल देखकर ही अपना प्रैक्टिकल पूरा करते हैं। उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इन कॉलेजों में जगह की कमी है, इसलिए ज्यादा उपकरणों को रख नहीं सकते।

---

- विरेंद्र जोशी का खाता सीज, धोखाधड़ी का मामला दर्ज
- वेबसाइट से डिटेल भी हटाई गई, मामले पर सियासत भी

# पूर्व पोर्न स्टार सनी लियोनी के नाम पर महतारी वंदन का पैसा, खाताधारी युवक पुलिस की गिरफ्त में

रविवार दोपहर एक बड़ा खुलासा हुआ। छत्तीसगढ़ शासन में महिलाओं के लिए शुरू की गई महतारी वंदन योजना में बीते दस महीने से सनी लियोनी के नाम पर पैसा जमा हो रहा था। हितग्राही का नाम सनी लियोनी लिखा था जबकि उसके पति का नाम जॉनी सिन्स दर्ज है। खुलासा होते ही प्रदेश में हड़कंप मच गया, क्योंकि सनी लियोनी चर्चित पूर्व पोर्न स्टार हैं और फिल्मों में अभिनय भी करती हैं। वहीं जॉनी सिन्स भी पोर्न स्टार है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

खाता बस्तर जिले के बस्तर ब्लॉक के ग्राम तालूर में खोला गया है। सनी के पति के नाम भी फर्जीवाड़ा किया गया क्योंकि सनी लियोनी के पति का नाम डेनियल है। मीडिया में खबर आते ही सियासत भी शुरू हो गई। पीसीसी अध्यक्ष ने सवाल उठाए तो महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा, कांग्रेस को अच्छी योजनाएं नहीं पचतीं।

संभागीय मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम तालूर जब हरिभूमि की टीम पहुंची उस दौरान तहसीलदार, महिला बाल विकास के अधिकारी और थानेदार सहित कई जवान युवक विरेन्द्र जोशी के घर बयान ले रहे थे। कलेक्टर हरीस एस के निर्देश पर रविवार को छुट्टी के दिन भी प्रशासन की टीम जांच के लिए जुटी रही। इसमें विभागीय लापरवाही साफ तौर से सामने आई है। खाताधारी का सत्यापन तीन स्तरों पर होता है। लेकिन इसके बाद भी लगातार पैसा जाता रहा। अभिनेत्री सनी लियोनी के नाम पर महतारी ▶▶ शेष पेज 4 पर



### सनी लियोनी के नाम पर पंजीयन, बैंक खाता एवं आधार नंबर विरेंद्र का

*तहसीलदार बस्तर जॉली जेम्स ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि गांव तालूर पहुंचकर सभी के बयान एवं पंचनामा किया गया है। सनी लियोनी के नाम पर पंजीयन हुआ है, लेकिन बैंक खाता और आधार नंबर विरेन्द्र जोशी का है। इसलिए योजना की राशि युवक के खाते में हर महीना जा रही है। उन्होंने कहा कि आवेदन की हार्डकॉपी कहीं पर भी* ▶▶ शेष पेज 4 पर





### पुरुष के एकाउंट में महतारी का पैसा

एक महिला के नाम पर खाता खुला और पुरुष के बैंक एकाउंट में पिछले 10 महीने से हर माह हजार रुपए जा रहा है। इसकी भनक तक नहीं लगी, यह अपने आप में अचरज की बात है। तहसीलदार जॉली जेम्स ने मौके पर ही युवक विरेन्द्र जोशी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सत्यापन में लापरवाही के कारण हुई गड़बड़ी

मौके पर मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वेदवती जोशी और तत्कालीन सुपरवाइजर प्रभा नेताम ने कहा कि ग्राम पंचायत में लोगों ने आवेदन दिया था। वहां से सूची बनी थी, जो पंचायत भवन में चस्पा भी हुई थी लेकिन सत्यापन में इस पर ध्यान नहीं दिया गया। बताया गया कि तालूर ग्राम पंचायत की आबादी लगभग 1200 की है और करीब 300 घर है। इस योजना का लाभ पंचायत के 310 ▶▶ शेष पेज 4 पर

**हरिभूमि पड़ताल**

### आंगनबाड़ी केन्द्र में सन्नाटा, युवक के भाई के घर बयान

तालूर गांव के आंगनबाड़ी केन्द्र में ताला जड़ा हुआ था। रिकार्ड के अनुसार अधिकारियों को यह जानकारी मिल गई थी कि सनी लियोनी के नाम पर बने खाते का लाभ विरेन्द्र जोशी नामक युवक उठा रहा है। इसलिये गांव पहुंचे सारे अधिकारी सीधे उसके घर पहुंचे और वहीं सबका बयान लिया गया। बयान के बाद वहीं से युवक को पुलिस गाड़ी में बिठाकर शहर ले जाया गया।

### सरपंच के कहने पर भी सूची से नहीं कटा नाम

सनी लियोनी के नाम से अलग से खाता नहीं खुला है। इस योजना का लाभ लेने वाला बंदा का ही खाता और आधार कार्ड है, इसलिए उसके खाते में पैसा जा रहा है। इसमें विभागीय लापरवाही हुई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और तत्कालीन सुपरवाइजर पर कार्रवाई कर रहे हैं। युवक के खिलाफ एफआईआर हो रहा है। पुलिस जांच में पूरी बात सामने आएगी। सरपंच ने कहा था इस नाम के बारे में, लेकिन सूची से नहीं हटाया गया। काम की अधिकता के कारण गांव के कुछ युवकों का भी सहयोग कार्यकर्ता ने लिया है, इसलिए वहां भी गड़बड़ी की आशंका है। सख्त कार्रवाई दोषियों और लापरवाही बरतने वालों पर होगी।



हरीस एस, कलेक्टर बस्तर

---

# भागवत पांच दिन रहेंगे रायपुर में, शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम होंगे तय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अगले साल सौ साल पूरे हो रहे हैं। इस शताब्दी वर्ष में आरएसएस देशभर में कार्यक्रम करेगा। किस तरह के कार्यक्रम होने हैं, इसको लेकर लगातार सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का राज्यों का दौरा चल रहा है। इसी कड़ी में उनका 27 से 31 दिसंबर तक रायपुर प्रवास होगा। यह संगठनात्मक प्रवास है।

इस दौरान वे अलग-अलग सत्र में कार्यकर्ताओं व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संगठन को मजबूत ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ये हैं पंच परिवर्तन

संघ अपने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन के लिए काम करेगा, जिसकी चर्चा मोहन भागवत राज्यों के दौरे पर कर रहे हैं। पंच परिवर्तन में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व आधारित जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य के साथ ही महर्षि दयानंद सरस्वती, भगवान बिरसा मुंडा, अहिल्यादेवी होलकर, रानी दुर्गावती और अनुकूल चंद ठाकुर के सत्संग अभियानों पर भी चर्चा होगी।

---






### 20 करोड़ रुपए का मादक पदार्थ जब्त

**गुवाहाटी।** असम के कछार जिले में 20 करोड़ रुपए मूल्य का मादक पदार्थ जब्त किया गया। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। एसटीएफ ने सूचना के आधार पर पुलिस महानिरीक्षक पार्थसारथी महंत के नेतृत्व में एक अभियान प्रारंभ किया। रविवार तड़के सिल्कोरी रोड पर मोटरसाइकिल से जा रहे एक व्यक्ति को रोका। उसके पास से याबा की गोलियां तथा हेरोइन जब्त की।

### घर में आग, दादा और दो पोतियों की मौत

**शिवपुरी।** मप्र के शिवपुरी जिले में झोपड़ी में आग लगने से 65 वर्षीय व्यक्ति और उसकी दो नाबालिग पोतियों की जलकर मौत हो गई। प्रथम दृष्टया आशंका है कि ठंड से बचने के लिए जलाई गई अंगीठी से घर में आग लगी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। हजारी बंजारा (65) और उनकी पोती संध्या (10) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### चैंपियंस ट्रॉफी : दुबई करेगा भारत के मैचों की मेजबानी

**कराची।** भारत चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण के मैचों को दुबई में खेलेगा और रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम अगर नॉकआउट चरण में पहुंची तो सेमीफाइनल और फाइनल भी संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जाएगा। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी और उनके यूएई समकक्ष शेख नाहयान अल मुबारक के बीच बैठक के बाद दुबई को तटस्थ स्थल के रूप में चुना गया था।




# Agriculture & Industrial Needs




KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution
छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक हरिभूमि रायपुर संस्करण के 23वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
के एस सी टेक्नो किसानों का साथी लाये खुशियों में वृद्धि



Sunit Chaturvedi
CEO & MD
KSC Techno Pvt. Ltd.
स्मार्ट खेती की नई पहल
उन्नत बीज · उत्तम फसल समाधान · उत्कृष्ट तकनीक
-:Corporate Office:-
3rd Floor, Orchid Centre, IILM Institute, Sector 53, Gurugram, Haryana-122022
Mob.:- +91 90391 95222, +91 96916 52114
ksctechno70@gmail.com, chaturvedi.sunit70@gmail.com


# किसान दिवस विशेष...

## राष्ट्रीय किसान दिवस का इतिहास

भारत को कृषि प्रधान देश के रूप में जाना जाता है। यहां की लगभग 50% आबादी अब भी ग्रामीण इलाकों में रहती है और आजीविका के लिए कृषि संबंधित कार्यों पर निर्भर हैं। इसलिए देश के विकास और अर्थव्यवस्था में किसानों के योगदान के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए और देश भर में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 23 दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया जाता है।

भारत सरकार ने साल 2001 में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस 23 दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की थी। कृषि क्षेत्र में चौधरी चरण सिंह के योगदान और किसानों के कल्याण के लिए उनके संघर्ष को सम्मान देने के लिए उनकी जन्म जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया गया था। इसके बाद से हर साल 23 दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जाने लगा।

राष्ट्रीय किसान दिवस समाज और देश के समग्र आर्थिक एवं सामाजिक विकास में किसानों के योगदान के महत्त्व को समझने के लिए और लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल मनाया जाता है।

इस दिवस पर सरकार द्वार विभिन्न सेमिनार, कार्यक्रम और कृषि और किसानों की स्थिति पर वाद-विवाद प्रतियोगिताएं और अन्य गतिविधियों का आयोजन कर देश भर के किसानों को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाता है।

Contact For Ad: 9340808313


छत्तीसगढ़ के जम्मो भाई बहिनी ला किसान दिवस के गाड़ा-गाड़ा बधई
एक ही छत के नीचे सम्पूर्ण श्रृंखला
आपकी तरक्की में हाथ..'अरुण' के कृषि यंत्रों का साथ
अरुण ट्रेड कम्बाइन्स - कृषि उपकरणों की निर्माण में अग्रणी. हम बनाते हैं कृषि उपकरणों की वृहद श्रृंखला. अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण सर्वाधिक उपयोग में आने वाले उपकरण, जो बनते हैं बेस्ट पार्ट्स व कॉम्पोनेंट्स से.
अशोका सुपर डीलक्स थ्रेशर
शासन द्वारा अनुदान उपलब्ध
एलिवेटर मॉडल भी उपलब्ध
मजबूती का हाथ.. किसानों के साथ
• 5 फैन मॉडल
• 6 फैन मॉडल
• 7 फैन मॉडल
• आसान फाइनेंस की सुविधा
• बिक्री पश्चात सेवा सुविधा
ट्रेक्टर लोडर · ट्रेक्टर कम्प्रेसर · कॉन्क्रीट मिक्सर · ट्रेक्टर ट्रेलर · कुट्टी मशीन
ट्रेक्टर हार्वेस्टर कम्बाइन · ट्रेक्टर लोडर · ट्रेक्टर हॉलर मिल · ट्रेक्टर क्रेन
ट्रेक्टर पोल इरेक्टर · मिनी ट्रेक्टर विथ लोडर · ट्रेक्टर कुट्टी मशीन · रीपर
ट्रेक्टर जायरोवेटर · वाटर टैंकर · ट्रेक्टर ट्रेंचर · हाइड्रोलिक ट्रेलर · लेवलर
अरुण ट्रेड कम्बाईन
माना रोड, देवपुरी, रायपुर (छ.ग.) मोबाइल - 95168 55103
बलौदाबाजार - 9826611773 • भाटापारा - 9827122192
नयापारा - 9926148053 • अभनपुर- 8770557440 • गरियाबंद- 9303304816



राष्ट्रीय किसान दिवस
aries agro limited
हरिभूमि 23rd ANNIVERSARY
छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक हरिभूमि रायपुर संस्करण के 23वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
aries FertiMAX HD
ARIES NPK RANGE OF HIGH DENSITY FORMULATION
LESS IS MORE
MAJORSOL · Supermax
एरीज एनपीके एचडी रेंज, विशिष्ट कृषि संबंधी लाभों के साथ-साथ किसानों को 25-35% लागत बचत
MAKE IN INDIA · Aries 2030
aries agro limited
Office: Ring Road No. 1, Indraprasth Phase-II
2nd Floor, Raipura, Raipur (C.G.)-492013 GST-22AAACA5035G1ZB
Mob. 9137852800, 9137852801



हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY
सत्य के सजग प्रहरी दैनिक हरिभूमि रायपुर संस्करण के 23 वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



AANDRAYA ENTERPRISES
ए.एन.आटोमोबाईल
हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY
दैनिक हरिभूमि रायपुर संस्करण के 23वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राष्ट्रीय किसान दिवस




संचालक
अनुराग सेन
BULL
TPL agri BULL BACKHOE
नया स्वराज मेरा SWARAJ
MALKIT - 997
Deluxe Model
इंडिया का पहला इंटेलिजेंट हार्वेस्टर
SWARAJ 8200
Authorized Distributor:
AANDRAYA ENTERPRISES
Infront of Govt. School, Main Road, Devpuri, Raipur
Beside Indian Bank, Dhamtari Road, Abhanpur, Dist-Raipur-493661, Mob. 7089000180, 7089000188
A.N. AUTOMOBILE
Infront of Govt. School, Main Road, Devpuri, Raipur
7089000188, 9752994668



राष्ट्रीय किसान दिवस
छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक हरिभूमि रायपुर संस्करण के 23वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
GREEN FIELD EMSON AUTO Agriculture Equipments
GREEN FIELD AGRICO
ग्रीन फील्ड
नांगर फॉल/रोटावेटर ब्लेड
70·11·13" EMSON AUTO GREEN FIELD
पडलर · रोटावेटर · रीजर · डिस्क हैरो
निर्माता: एमसन ऑटो
9 ब्लॉक-भनपुरी, रायपुर (छत्तीसगढ़)

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



*कश्मीर में चिल्ले कलां के पहले ही दिन कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित रहा। डल झील सहित घाटी के कई हिस्सों में खुले में जल निकाय जम गए हैं। कई इलाकों में पाइपों में पानी जमने से जलापूर्ति प्रभावित हो रही है। जम्मू संभाग में भी रात में कड़ाके की ठंड जारी है।*

### नए साल में कई राज्यों में बदलेगा मौसम, बारिश से गिर सकता है पारा

# देशभर में कड़ाके की ठंड, छत्तीसगढ़ में गर्मी का अहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

देश भर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, वहीं छत्तीसगढ़ में गर्मी का अहसास हो रहा है। कई पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी की उम्मीद है। खासतौर पर कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में 26 दिसंबर तक 1 से 3 डिग्री तक पारे में गिरावट आएगी। नए साल की शुरुआत से पहले उत्तर भारत के कई हिस्सों में हल्की बारिश और पारे में गिरावट दर्ज की जा ▶▶|शेष पेज 4 पर



#### कश्मीर में चिल्लई कलां

*कश्मीर में चिल्लई कलां भी शुरू हो चुका है। शनिवार से इसकी शुरुआत हो चुकी है। इसके शुरू होने के बाद 40 दिनों तक जम्मू-कश्मीर में सबसे ज्यादा ठंड दर्ज किया जाता है।*


#### कई शहरों में बारिश के आसार

*यूपी में 26 दिसंबर की शाम से बारिश शुरू होने की संभावना है, जो 27-28 दिसंबर तक पूरे पूर्वी और पश्चिमी यूपी को कवर कर सकती है। बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण ओडिशा के 30 में से 26 जिलों में बारिश दर्ज की गई।*

#### मप्र में बारिश और कोहरा

*मध्यप्रदेश में 23 दिसंबर से बारिश और कोहरा अपना असर दिखाएंगे। जिससे ठंड बढ़ सकती है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस अपना असर दिखा रहा है।*

## छत्तीसगढ़ में पारा चढ़ा, अब नए साल में ठंड की वापसी



अभी सामान्य से 6 डिग्री तक ज्यादा तापमान, 30 दिसंबर से आएगी कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लगातार आने वाले पश्चिमी विक्षोभ की वजह से ठंड के इस मौसम में गर्मी का अहसास होने लगा है और रात को पंखा चलाने की आवश्यकता पड़ रही है। अब ठंड की वापसी नए साल में होने की संभावना है। विक्षोभ के गतिरोध के कारण अभी सामान्य से छह डिग्री तक ऊपर जा चुके तापमान में 30 सितंबर के बाद नियमित गिरावट होने की संभावना है। दिसंबर के दूसरे सप्ताह में अच्छी ठंड ने लोगों की कंपकंपी छुड़ा दी थी। इसके बाद होने वाले पश्चिमी विक्षोभ के कारण ठंड का असर कम होता ▶▶|शेष पेज 4 पर

*प्रमुख शहर में रात का पारा*

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 18.7 | +6 |
| बिलासपुर | 19.0 | +8 |
| पेंड्रा | 12.2 | +2 |
| अंबिकापुर | 12.4 | +4 |
| जगदलपुर | 16.1 | +6 |
| दुर्ग | 17.6 | +4 |

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सीएम साय आज दिल्ली में इन्वेस्टर मीट में होंगे शामिल

**रायपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार दोपहर को यहां से दिल्ली के लिए रवाना हुए और शाम को वहां पहुंच गए। दिल्ली रवाना होने से पहले विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए सीएम साय ने कहा, दिल्ली में कल इन्वेस्टर मीट है। वहां पर उद्योगपतियों से मुलाकात होगी। उनको ▶▶|शेष पेज 4 पर



### एपिगैमिया के को-फाउंडर मीरचंदानी का निधन

**नई दिल्ली।** एफएमसीजी कंपनी एपिगैमिया के को-फाउंडर रोहन मीरचंदानी का निधन हो गया है, वे 42 साल के थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रोहन की मृत्यु 21 दिसंबर की देर रात हार्ट अटैक से हो गई। मीरचंदानी एनवाईयू स्टर्न और व्हार्टन स्कूल से ग्रेजुएट थे। उन्होंने ने 2013 में ड्रम्स फूड इंटरनेशनल की शुरुआत की थी।




### संभल जिले के चंदौसी में प्राचीन बावड़ी मिली

**संभल।** यूपी के संभल में चंदौसी के लक्ष्मण गंज इलाके में खुदाई के दौरान लगभग 150 साल पुरानी और 400 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली बावड़ी मिली है। शनिवार को स्थल पर खुदाई शुरू हुई। संभल में 13 दिसंबर को लगभग 46 साल से बंद भस्म शंकर मंदिर के फिर से खुलने के बाद यह खुदाई की जा रही है।



### सर्राफा कर्मी, उसके बेटे को गोली मार आभूषण लूटे

**वाराणसी।** वाराणसी पुलिस आयुक्तालय के भेलूपुर थाना क्षेत्र में कार सवार बदमाशों ने सर्राफा कर्मचारी और उसके बेटे को गोली मार कर गहने लूट लिए। पुलिस के पिता और पुत्र को बीएचयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जिनकी हालत खतरे से बाहर है।



### रेलिंग से टकराई बाइक, दो की मौत

**कोलकाता।** कोलकाता में रविवार को एक फ्लाईओवर की रेलिंग से एक मोटरसाइकिल टकरा गई। इसकी वजह से वाहन पर सवार दो लोग नीचे गिर गए और उनकी मौत हो गई। मोटरसाइकिल सवार तेज गति से चिंगरीघाटा क्षेत्र से पार्क सर्कस की ओर जा रहे थे। तभी फ्लाईओवर पर मोड़ लेते समय वाहन रेलिंग से टकरा गया।





### पहली जनवरी से राज्य में होगा ई ऑफिस का क्रियान्वयन, अप्रैल से काम ऑनलाइन

# खत्म होगी लाल फीताशाही, फाइलें बंद अब ऑनलाइन दौड़ेंगे दस्तावेज, नोट्स

*सरकारी दफ्तरों में फाइलों का ढेर अब बीते दिनों की बात हो सकती है। लाल फीते में लिपटी मोटी फाइलें एक टेबल से दूसरे टेबल पर नहीं दौड़ेंगी। न डंप होंगी। छत्तीसगढ़ सरकार ने एक जनवरी से ई ऑफिस सिस्टम के क्रियान्वयन के आदेश जारी कर दिए हैं। अप्रैल 2025 से विभागाध्यक्ष (एचओडी कार्यालय) संभागायुक्त, कलेक्टर और अन्य मैदानी कार्यालयों से शासन को भेजे जाने वाले सभी पत्र, दस्तावेज डिजिटल फार्मेट में ईमेल द्वारा, ई ऑफिस के माध्यम से भेजे जाएंगे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ई ऑफिस क्रियानव्यन के संबंध में राज्य के मुख्य सचिव के हस्ताक्षर से जारी आदेश शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल, सभी संभागायुक्त, सभी विभागाध्यक्ष और सभी कलेक्टरों के भेजा गया है। आदेश में कहा गया है कि सुशासन की दिशा में कार्य करते हुए 1 जनवरी 2025 के पहले के पूर्व मंत्रालयों के सभी विभागों में ई ऑफिस के क्रियान्वयन का लक्ष्य रखा गया है। अगले चरण में समस्त विभागाध्यक्ष कार्यालय में में भी ई ऑफिस के क्रियानव्यन का निर्णय लिया गया है।

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में राज्य शासन सुशासन के साथ कामकाज का संचालन करने का इरादा रखती है, लेकिन इससे पहले बरसों से सरकारी कार्यालयों में लाल फीताशाही का बोलबाला है। किसी दफ्तर में एक आवेदन को विभाग के जिम्मेदार अधिकारी तक पंहुचने के लिए कई-कई दिनों तक आवेदन को सरकारी फाइलों में रखा जाने जैसी शिकायतें तो आम रहीं हैं, लेकिन महत्वपूर्ण मामलों की फाइलें और दस्तावेज भी निचले स्तर के अधिकारी कर्मचारी लाल फीते वाली फाइलों में दबाकर रखने आदी बने रहे हैं। बिना किसी अतिरिक्त प्रभाव के ये फाइलें निचले स्तर पर ही दबी रहती थी। हालत ये रही कि अधिकारी फाइलों पर निर्णय लेने के लिए तैयार ▶▶|शेष पेज 4 पर

**अप्रैल से एचओडी, कमिश्नर, कलेक्टर के दस्तावेज डिजिटल**



फाइल फोटो

#### क्रियान्वयन के लिए हो रही है ये तैयारी

*ई ऑफिस के लिए नाम आधारित शासकीय ई मेल आईडी की अनिवार्यता रहेगी। शासकीय ईमेल बनाने और प्रबंधन के लिए विभागों के लिए डीए एडमिन एकाउंट बनाया जा रहा है। यह विभाग के सभी शासकीय अधिकारी कर्मचारी के लिए ईमेल आईडी के अनुमोदन का काम करेंगे। इसी क्रम में हर विभाग कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अधिकारी नामांकित किया जाएगा, जो ई ऑफिस के लिए प्रबंधन और समन्वय का काम करेंगे।*

#### अफसरों की ट्रेनिंग भी हो चुकी

राज्य शासन इस प्रणाली पर काम करने के तैयारी में पिछले कई महीनों से जुटा रहा है। यह सिस्टम इसी साल शुरु करने की तैयारी के लिए विभिन्न स्तर पर अफसर कर्मियों को अगस्त में ट्रेनिंग दी जा चुकी है। मंत्रालय को पेपरलेस बनाने के लिए राज्य सरकार के सचिव स्तर के नीचे के वरिष्ठ अधिकारियों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। मंत्रालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत उपसचिव से लेकर सहायक ग्रेड-3 तक के अधिकारी-कर्मचारियों को ई-ऑफिस का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे हिस्से में एडमिंस अधिकारियों जिसमें विशेष सचिव, संयुक्त सचिव, अवर सचिव स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। इसी तरह से मंत्रालय के विभिन्न विभागों के सभी भार साधक सचिवों को ई-ऑफिस का प्रशिक्षण दिया जा गया है।

#### ऐसे होगा काम

छत्तीसगढ़ सरकार का मंत्रालय जल्द ही पेपरलेस सिस्टम से काम करना शुरू कर देगा। ई-फाइल तकनीक से मंत्रालय में सभी नोटशीट ऑनलाइन लिखी और भेजी जाएंगी, जिससे फाइल के मूवमेंट मे तेजी आएगी। मंत्रालय में कौन-सी फाईल किस स्तर पर, कितने दिनों से अटकी है, इसकी भी जानकारी तत्काल मिल सकेगी। प्रशासन स्तर पर फाइल के मूवमेंट की लगातार समीक्षा की जाएगी और सभी फाइलों के ऑनलाइन उपलब्ध होने से प्रशासन में पारदर्शिता आएगी।

#### अप्रैल से शुरू होगी ये व्यवस्था

मुख्य सचिव के निर्देश कहा गया है कि विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त, कलेक्टर एवं अन्य मैदानी कार्यालय से शासन को भेजे जाने वाले पत्र दस्तावेज में पेपर एवं डाक व्यय के साथ-साथ गंतव्य कार्यालय पहुंचने में अनावश्यक देरी होगी। इसलिए संसाधन एवं भविष्य में पत्र, दस्तावेज डिजिटल फार्मेट के द्वारा और ई आफिस के माध्यम से भेजे जाएंगे। निर्देश है कि 1 अप्रैल 2025 से सभी फाइलों का निराकरण ई ऑफिस के माध्यम से किया जाए।

## 25 लाख का इनामी नक्सली प्रभाकर पुलिस की गिरफ्त में माओवादियों ने लगाए पोस्टर



- पुलिस आज कर सकती है खुलासा, इलाज के लिए आया था जंगल से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ के कांकेर में 25 लाख का इनामी नक्सली प्रभाकर गिरफ्तार कर लिया गया है। ऐसा दावा माओवादियों ने बैनर चस्पा कर किया है। नक्सलियों ने आधा दर्जन पोस्टर और बैनर लगाकर दावा किया है कि दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का मेंबर प्रभाकर पुलिस की गिरफ्त में है। अंतागढ़ से करीब 2 किलोमीटर की दूरी पर लगाए गए इस बैनर में उसे कोर्ट में पेश किए जाने की मांग की गई है। हालांकि पुलिस ने अब तक इस संबंध में अधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। बीती रात अंतागढ़ नगर से भानुप्रतापपुर ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### कांकेर में कई सालों तक रहा सक्रिय

चारगांव खदान प्रारंभ होने के पहले तीन व्यक्तियों के अपहरण में नक्सली प्रभाकर का हाथ था। इन तीन व्यक्तियों में एक व्यक्ति स्थानीय ठेकेदार का इंजीनियर था। अंत में तीनों लोगों को छोड़ दिया गया था। ऐसी कई घटनाओं में प्रभाकर का नाम था। इसके पकड़े जाने के बाद कई ठेकेदार और अन्य कई संपर्क ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### 17 नवंबर की मुठभेड़ में आई थी चोट

इस मामले में यह बात भी सामने आई है कि नारायणपुर में 17 नवंबर की मुठभेड़ में प्रभाकर शामिल था और इसे चोट आई थी। यह इलाज के लिए राजनांदगांव गया था और वहां से इलाज करवाकर मोटर साइकिल से वापस जा रहा था, तभी 19 एवं 20 की दरमियानी रात को पकड़ाया है। पुलिस इस मामले का जब खुलासा करेगी, तभी कई अन्य प्रकरण भी सामने आ सकते है। इसके बारे में यह भी चर्चा है कि वेश बदलने में ▶▶|शेष पेज 4 पर

## पीएम मोदी को कुवैत का सर्वोच्च सम्मान



**'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर' से नवाजे गए प्रधानमंत्री**

**कुवैत सिटी।** कुवैत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर' से सम्मानित किया। भारत और कुवैत के बीच संबंधों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए मोदी को इस सम्मान से नवाजा गया है। कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने प्रधानमंत्री मोदी को इस सम्मान से नवाजा। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, 'मुबारक अल-कबीर ऑर्डर' से सम्मानित किए जाने पर गर्व है।

**सीएम साय ने किया पोस्ट**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक्स पर पोस्ट किया। श्री साय ने लिखा है, हम सभी देशवासियों के लिए गर्व का पल है कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को कुवैत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर' से विभूषित किया गया है। यह सम्मान प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व और दूरदृष्टि पर वैश्विक विश्वास का प्रतीक है।



## बंसल सीएम सचिवालय के सचिव कटारिया को हेल्थ का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय प्रशासनिक सेवा 2005 बैच के अधिकारी मुकेश कुमार बंसल को मुख्यमंत्री का सचिव बनाया गया है। उन्हें यह दायित्व अतिरिक्त प्रभार के रूप में दिया गया है। इससे पहले श्री बंसल के पास सचिव वित्त तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव सामान्य प्रशासन, सचिव वाणिज्यककर एवं अध्यक्ष पेंशन निराकरण समिति का प्रभार था। राज्य शासन ने इस संबंध में रविवार 22 दिसंबर को आदेश जारी किया है। इधर केंद्रीय सरकार की प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे 2004 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अमित कटारिया को सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग में ▶▶|शेष पेज 4 पर



## कार चालक ने बछड़े को कुचला गायों ने दौड़ाकर रोकी कार

**गौ सेवकों ने कोतवाली में दर्ज कराई शिकायत, जांच में जुटी पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

कोतवाली थाना क्षेत्र के सुभाष चौक के समीप एक कार चालक ने बछड़े को कुचल दिया। इस दुर्घटना में बछड़े का पिछला पैर टूट गया। दुर्घटना के बाद कार को रोकने गायें दौड़ पड़ीं। चार से पांच गाय कार के इर्द गिर्द घूमने लगीं। तब लोगों ने कार चालक को कार से बाहर निकाला और बछड़े का रेस्क्यू किया। गौ सेवकों ने बछड़े का इलाज कराया और आरोपी कार चालक के ▶▶|शेष पेज 4 पर





#### बछड़े को बचाने दौड़ने लगीं गायें

कार चालक ने जब बछड़े को ठोकर मार दिया और बछड़ा कार के नीचे आ गया। तब भी कार चालक ने कार नहीं रोकी और उसे घसीटता रहा, ऐसा देख उस बछड़े के साथ खडी अन्य गायें कार के पीछे दौड़ने लगी और सभी गाय कार के सामने ▶▶|शेष पेज 4 पर

## अल्लू अर्जुन के घर पर हमला फेंके टमाटर, गमलों को तोड़ा

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

तेलुगु फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन की मुश्किलें बढ़ती दिख रही है। उस्मानिया विश्वविद्यालय ज्वाइंट एक्शन कमेटी के सदस्य होने का दावा करने वाले लोगों के एक समूह ने रविवार को यहां स्थित अल्लू अर्जुन के आवास में तोड़फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने अभिनेता के घर में घुसकर टमाटर फेंके, उनके फूलों और गमलों को नुकसान पहुंचाया।

- प्रीमियर के दौरान मृत महिला के लिए मुआवजा की मांग



#### अल्लू बोले-अपमानजनक टिप्पणी ना करें

*तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन ने संध्या थिएटर भगदड़ मामले में अपने खिलाफ लगे नए आरोपों के बीच रविवार को प्रशंसकों से अपील की कि वे ऑनलाइन और ऑफलाइन किसी भी तरह की अपमानजनक टिप्पणी ना करें। अर्जुन ने सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों के लिए सावधानी बरतने की बात कही।*

### पुरी के जगन्नाथ मंदिर में एक जनवरी से नई 'दर्शन' व्यवस्था

# सतपहाचा से प्रवेश, घंटी और गरदा से आएंगे बाहर

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

ओडिशा सरकार श्रद्धालुओं को देवताओं के दर्शन के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए पुरी के जगन्नाथ मंदिर में एक नई व्यवस्था शुरू करने जा रही है। नई व्यवस्था के अनुसार, भक्तगण मौजूदा द्वार (सतपहाचा) से जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश करेंगे, जबकि निकास दो अलग-अलग द्वारों (घंटी और गरदा) से होगा। कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने रविवार को इसकी जानकारी दी। यहां पत्रकारों से बात करते हुए हरिचंदन ने कहा कि सरकार एक जनवरी से जगन्नाथ मंदिर में लोगों के दर्शन के लिए नयी व्यवस्था शुरू करने के लिए कदम उठा रही है। उन्होंने कहा, आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। 27 या 28 दिसंबर तक आवश्यक कार्य पूरा कर लिया जाएगा। प्रायोगिक आधार पर 30 और 31 दिसंबर को दो दिनों के लिए नयी व्यवस्था शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक जनवरी से नयी दर्शन व्यवस्था पूरी तरह लागू हो जाएगी। मंत्री ने कहा कि इस कदम के तहत मंदिर में आने वाली महिलाओं, बच्चों, दिव्यांग व्यक्तियों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी विशेष व्यवस्था की जा रही है।

**खास खबर**



#### इसलिए किया गया बदलाव

इससे पहले, श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने कहा था कि यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि श्रद्धालुओं को अक्सर भीड़भाड़ के कारण गर्भगृह में देवताओं के दर्शन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

#### महिलाओं-बुजुर्गों के लिए अलग व्यवस्था

मंत्री ने कहा कि इस नई व्यवस्था के तहत मंदिर में आने वाली महिलाओं, बच्चों, दिव्यांग व्यक्तियों और वरिष्ठ व्यक्तियों के लिए भी विशेष व्यवस्था की जा रही ।

#### क्या है नया

*नई व्यवस्था के अनुसार, भक्त मौजूदा द्वार (सतपहाचा) के माध्यम से जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश करेंगे। निकास दो अलग-अलग द्वारों (घंटी और गराडा) के माध्यम से किया जाएगा।*

चिंतन

# नई उड़ान भरने को तैयार भारत-कुवैत

पश्चिम एशिया (मध्य पूर्व) में जारी संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो दिवसीय कुवैत यात्रा कूटनीतिक नजरिये से महत्वपूर्ण है। केंद्र में जब से पीएम मोदी की सरकार आई है, तब से भारत मध्य पूर्व व खाड़ी के अरब देशों के साथ अपने संबंधों को काफी तवज्जो दे रहा है। इसी कड़ी में पीएम कुवैत गए। कुवैत की इस यात्रा को जोड़ दें तो यह चौदहवीं बार होगा जब पीएम मोदी अरब के किसी देश का दौरा कर रहे हैं। इससे पहले वह दो बार कतर और सऊदी अरब, एक बार ओमान और बहरीन, जबकि सात बार संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा कर चुके हैं। ऊर्जा सुरक्षा व निवेश के मद्देनजर पीएम अरब देशों को साध रहे हैं। पीएम मोदी को कुवैत के सर्वोच्च सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से सम्मानित कर अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने भारत के साथ अपने रिश्ते की अहमियत को रेखांकित किया है। पीएम के इस दौरे के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी, औषधि, फिनटेक, बुनियादी ढांचे और सुरक्षा क्षेत्र में संबंधों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। तेल और गैस क्षेत्र में पहले से ही ट्रेड हो रहे हैं। दस लाख से अधिक भारतीय प्रवासी कुवैत में रहते हैं। यह कुवैत की आबादी में 21 प्रतिशत के साथ सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। कुवैत की कुल वर्कफोर्स में भारतीय समुदाय की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से अधिक है। दोनों देशों के बीच दस अरब डॉलर से अधिक का आपसी व्यापार है। कुवैत, भारत का छठा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता है, जो देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को तीन प्रतिशत तक पूरा करता है। भारत और कुवैत के रिश्ते दोनों देशों की आज़ादी से काफी पुराने रहे हैं। 1961 में भारत उन पहले देशों में शामिल था जिन्होंने कुवैत के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए। 1961 तक कुवैत में भारत का रुपया चलता था। बीते दो दशकों में भारत की व्यापक आर्थिक प्रगति और तकनीक, रक्षा जैसे क्षेत्र में बढ़ती क्षमताओं ने भारत-कुवैत संबंधों को आगे बढ़ाने में काफी मदद दी है। भारत के बढ़ते क्षेत्रीय प्रभाव ने भी इसमें अपनी अहम भूमिका निभाई है। भारत में कुवैत के संस्थागत निवेशकों का करीब 15 अरब डॉलर का निवेश है। भारत की भी एलएंडटी, शापूरजी पलोनजी, कल्पतरु, केईसी, ईआईएल, मेघा, अशोक लेलैंड, विप्रो, टाटा समूह, टीसीआईएल और किर्लोस्कर, एलआईसी, न्यू इंडिया इंश्योरेंस, ओरिएंटल इंश्योरेंस जैसी कंपनियां कुवैत में सक्रिय हैं। कुवैत के पास 105 अरब बैरल से अधिक का तेल है जो दुनिया में छठा सबसे बड़ा तेल भंडार है। कुवैत के सॉवरिन फंड के पास करीब एक खरब डॉलर के निवेश हैं। ऐसे में भारत के लिए अपार संभावनाएं हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर अगस्त में कुवैत गए थे। सितंबर में पीएम मोदी की मुलाकात न्यूयॉर्क में कुवैत के क्राउन प्रिंस से हुई थी। दिसंबर की शुरुआत में कुवैत के विदेश मंत्री भी भारत आए थे। बीते कुछ माह में हुआ यह सक्रिय संपर्क बताता है कि भारत और कुवैत के रिश्ते अब एक नई उड़ान के लिए तैयार हैं। इस कड़ी में सात नए कार्य समूह बनाए गए हैं जिसमें व्यापार, निवेश, सुरक्षा, रक्षा, शिक्षा, कौशल विकास, खाद्य सुरक्षा, कृषि और कौंसुलर मामलों जैसे विषय शामिल हैं। यह भारत और कुवैत के बीच पहले से मौजूद तेल, श्रमिक और स्वास्थ्य संबंधी कार्यसमूहों के अतिरिक्त हैं। मोदी काल के दौरान भारतीय विदेश नीति में मध्य पूर्व के अरब देश सबसे अहम रणनीतिक और कूटनीतिक प्राथमिकता के रूप में उभर रहे हैं। इस यात्रा के बाद से भारत व कुवैत के संबंध और मजबूत होंगे।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# विकास व महंगाई में संतुलन की चुनौती

इस समय देश में महंगाई की चुनौती और सुस्त विकास का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। हाल ही में 12 दिसंबर को सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति दर बीते महीने नवंबर में 5.48 प्रतिशत रही। अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर 6.21 प्रतिशत थी। इसी प्रकार नवंबर में थोक मूल्य मुद्रास्फीति घटकर 1.89 प्रतिशत पर आ गई, जोकि अक्टूबर में 2.36 प्रतिशत थी। यद्यपि महंगाई दर में कमी आई है, फिर भी अभी यह रिजर्व बैंक के महंगाई के निर्धारित दायरे से अधिक है। रिजर्व बैंक ने रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा।

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक के नव नियुक्त 26वें गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अपना पदभार संभालने के बाद 20 दिसंबर को गुवाहाटी में आयोजित रिजर्व बैंक बोर्ड की की बैठक की अध्यक्षता करते हुए वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस समय उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती विकास और बढ़ी हुई महंगाई के बीच संतुलन बनाने की है। ऐसे में वे महंगाई नियंत्रण और विकास दर के बीच उपयुक्त संतुलन बनाने की डगर पर आगे बढ़ेंगे। गौरतलब है कि इस समय देश में महंगाई की चुनौती और सुस्त विकास का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है।

हाल ही में 12 दिसंबर को सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति दर बीते महीने नवंबर में 5.48 प्रतिशत रही। इससे पहले अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर 6.21 प्रतिशत थी। इसी प्रकार नवंबर में थोक मूल्य मुद्रास्फीति घटकर 1.89 प्रतिशत पर आ गई, जोकि अक्टूबर में 2.36 प्रतिशत थी। यद्यपि महंगाई दर में कमी आई है, फिर भी अभी यह रिजर्व बैंक के महंगाई के निर्धारित दायरे से अधिक है। बीते दिनों राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि इसके पहले अप्रैल से जून की पहली तिमाही में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इस सुस्त विकास दर के परिदृश्य से प्रभावित हुए बिना हाल ही में 6 दिसंबर को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में विकास दर बढ़ाने के लिए ब्याज दर में कमी नहीं करते हुए महंगाई नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने लगातार 11वीं बार ब्याज दर यानी नीतिगत दर (रेपो) में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर कमर्शियल बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये इस दर का उपयोग करता है। हालांकि अर्थव्यवस्था में नकदी बढ़ाने के मकसद से रिजर्व बैंक ने कैश रिजर्व रेश्यो (सीआरआर) को 4.5 प्रतिशत से घटाकर चार प्रतिशत कर दिया। इस कदम से बैंकों में 1.16 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी उपलब्ध होगी।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में आरबीआई ने मौजूदा स्थिति को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई के अनुमान को भी 4.5 प्रतिशत बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास ने दिसंबर 2024 की मौद्रिक नीति के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में कहा था कि निकट भविष्य में, कुछ नरमी के बावजूद, खाद्य कीमतों पर दबाव बने रहने से चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मुख्य महंगाई के ऊंचे स्तर पर बने रहने की संभावना है। उन्होंने कहा था कि महंगाई के मद्देनजर वैश्विक अर्थव्यवस्था में अभी बांड प्रतिफल में वृद्धि, जिंस कीमतों में उतार-चढ़ाव और




बढ़ते भू राजनीतिक जोखिम जैसी कई तरह की बाधाएं हैं। साथ ही आयात शुल्क में वृद्धि और वैश्विक कीमतों में वृद्धि के बाद घरेलू खाद्य तेल की कीमतों की बदलती दिशा पर बारीकी से नजर रखने की जरूरत है। दास ने कहा था कि रिकॉर्ड खरीफ उत्पादन के अनुमान से चावल और तुअर दाल की बढ़ी हुई कीमतों में राहत मिलेगी। सब्जियों की कीमतों में भी सुधार की उम्मीद है। आगे चलकर, खाद्य मुद्रास्फीति के दबाव को कम करने के लिए एक अच्छा रबी सीजन महत्वपूर्ण होगा। प्रारंभिक संकेत पर्याप्त मिट्टी की नमी और जलाशय के स्तर की ओर इशारा करते हैं, जो रबी की बुवाई के लिए अनुकूल है। ऐसे में चालू वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में विकास दर बढ़ने की उम्मीद है। वस्तुतः पिछले दो महीनों में महंगाई दर के बढ़ने की स्थिति आश्चर्यचकित करने वाली रही है। पिछले माह आरबीआई ने 2 से 11 नवंबर, 2024 को परिवारों को महंगाई को लेकर कैसी उम्मीदें हैं, इस विषय पर सर्वेक्षण कराया था। सर्वेक्षण से यह अंदाजा मिलता है कि सितंबर 2024 के चरण की तुलना में नवंबर के सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों में एक बड़े वर्ग को ऐसा लगता है कि नए साल 2025 में कीमतें और महंगाई दोनों ही बढ़ेंगी। यह बढ़ोतरी मुख्य तौर पर खाद्य वस्तुओं और घर से जुड़े खर्चों के बढ़ते दबाव की वजह से होगी। इस बीच उपभोक्ता आत्मविश्वास सर्वेक्षण से यह अंदाजा मिला है कि सर्वेक्षण के प्रतिभागियों की मौजूदा कमाई की धारणा में भले ही कमी आई हो लेकिन उन्हें इस बात की बड़ी उम्मीद है कि भविष्य में आमदनी बढ़ेगी, रोजगार की स्थिति में भी सुधार आएगा। हाल ही में वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में भारत में महंगाई और विकास के बीच संतुलन बनाए रखने की सराहना की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महंगाई में कम अवधि की तेजी के बावजूद आने वाले महीनों में महंगाई दर रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित लक्ष्य की ओर पहुंचेगी, क्योंकि ज्यादा बोआई और पर्याप्त अनाज भंडार के कारण कीमतों में कमी आएगी। चूंकि भू राजनीतिक तनावों और मौसम की स्थिति खराब होने पर महंगाई दर बढ़ने की जोखिम भी बनी हुई है, अतएव इसी कारण नीतिगत ढील को लेकर रिजर्व बैंक सावधानी बरत रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में महंगाई के बीच भी अर्थव्यवस्था अच्छे दौर में है। रेटिंग एजेंसी ने वर्ष 2024 में भारत की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। उसके बाद 2025 और 2026 में क्रमशः 6.6 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है।

इसी तरह वैश्विक साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत में खाद्य पदार्थों की बढ़ती हुई कीमतों से महंगाई बढ़ी है, लेकिन जिस तरह भारत में आपूर्ति क्षमता काफी तेजी से बढ़ रही है, उससे महंगाई के दबाव को काबू करने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि आरबीआई की मौद्रिक नीति से आरबीआई महंगाई को लक्ष्य के अनुरूप नियंत्रित करने में सक्षम होगा। निस्संदेह खाद्य पदार्थों की महंगाई रोकने के लिए सरकार द्वारा तात्कालिक उपायों के साथ दीर्घकालीन उपायों पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी होगा। इस समय ग्रामीण भारत में जल्द खराब होने वाले ऐसे कृषि उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला बेहतर करने पर प्राथमिकता से काम करना होगा, जिनकी खाद्य महंगाई के उतार-चढ़ाव में ज्यादा भूमिका होती है। ऐसे में सरकार को खाद्य उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ कृषि उपज की बर्बादी को रोकने के बहुआयामी प्रयासों के तहत खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग की कारगर व्यवस्था की डगर पर बढ़ना होगा। उम्मीद करें कि रिजर्व बैंक के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा सरकार के साथ विभिन्न समन्वित रणनीतिक प्रयासों से देश में महंगाई को नियंत्रित करने और सुस्त विकास दर को बढ़ाने के परिप्रेक्ष्य में नई रणनीति के साथ आगे बढ़ेंगे।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

किसान दिवस
रवि शंकर




# किसानों को संकट से उबारने की जरूरत

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसान न केवल बदहाली का जीवन जीने को मजबूर हो बल्कि आत्महत्या जैसा भयावह कदम उठाने तक को मजबूर हो जाए तो देश के विकास का सपना बेमानी लगने लगता है। इसका एक कारण सरकार को जितना किसानों की सुध लेना लेना चाहिए, वो नहीं ली और दूसरा गांवों में विकास कार्य जिस गति से होना चाहिए, वो नहीं हुआ। गौर करने वाली बात ये है कि हमारे देश में अब भी किसानों की औसत आय इतनी कम है इससे उनका भरण-पोषण नहीं हो सकता। ये विडंबना ही कही जाएगी कि भारत में अन्नदाताओं की इनकम चपरासी से भी कम है। सरकार की तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद देश के किसानों की हालत में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। उनकी इस बदहाली के पीछे कहीं न कहीं सरकार की नीतियां ही जिम्मेदार हैं जहां कृषि को कभी भी देश के विकास की मुख्यधारा का मानक समझा ही नहीं गया। बीज और खाद आदि के नाम पर छिटपुट सब्सिडी और कृषि ऋण के अलावा किसानों के लिए आज भी कोई विशेष सरकारी सुविधा नहीं है। यही वजह है कि किसानों के सामने हमेशा संकट बना रहता है। प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी कारण से फसल बर्बाद हो गई तो खेती के लिए लिया गया कर्ज न चुका पाने के कारण किसानों के सामने रोटी के भी लाले पड़ जाते हैं और निराशा आत्महत्या तक ले जाती है। ऐसे में सवाल ये है कि आखिर किसानों को बार-बार दिल्ली क्यों कूच करना पड़ता है? गौरतलब है कि किसान संगठन अपनी मांगों को लेकर तीसरी बार देश की राजधानी दिल्ली की ओर कूच कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि सरकार उनकी मांगों को मानना ही नहीं चाहती। देश की राजधानी में तीसरी बार हो रहे, इस किसान आंदोलन के औचित्य को लेकर पहले भी कई सवाल उठते रहे हैं, लेकिन हाल में देश के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री से जवाब तलब कर नई सनसनी फैला दी कि किसानों की मांगों को लेकर आखिर सरकार कर क्या रही है? गौरतलब है कि भारत में तकरीबन 60 फीसदी आबादी कृषि से जुड़ी है। बेशक कृषि क्षेत्र के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गईं, लेकिन उसका क्रियान्वयन ठीक ढंग से नहीं किया गया। अक्सर ये बात कही जाती है कि हमारी अर्थव्यवस्था सबसे चमकदार अर्थव्यवस्थाओं में एक है। लेकिन चमकदार अर्थव्यवस्था में इस दाग को सरकार नहीं मिटा पाती कि दुनिया में सबसे ज्यादा कुपोषण से मरने वाले बच्चों की संख्या भारत में ही है। ये एक सच्चाई है जिसे कोई सरकार स्वीकार करना नहीं चाहेगी। भले, ऊंची विकास दर अर्थव्यवस्था की गतिशीलता का पैमाना हो, मगर खाद् असुरक्षा को लेकर कृषि प्रधान देश की ऐसी दुर्दशा निश्चित ही गंभीर बात है। वहीं भारत की आबादी एक अरब 41 करोड़ से ऊपर जा चुकी है। द मिलेनियम प्रोजेक्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि सन् 2040 तक भारत की आबादी लगभग एक अरब 57 करोड़ हो जाएगी। ऐसे में सभी को भोजन मुहैया करना एक बड़ी चुनौती होगी। हकीकत यह है कि अगर इस देश में सभी लोग दो जून भरपेट भोजन करने लगें तो देश में अनाज की भारी किल्लत पैदा हो जाएगी। असल में कृषि क्षेत्र जिस घोर संकट में फंसा हुआ है, उसका एक बड़ा कारण किसानों को उसके फसल का वाजिब मूल नहीं मिल रहा है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि कृषि प्रधान देश भारत में कृषि और किसान कितनी मुश्किलों से गुजर रहे हैं, यह जानने के लिए तो किसी अध्ययन या शोध की जरूरत सरकार को नहीं होनी चाहिए। अगर भारतीय कृषि और किसान को गहरे संकट से उबारना है, तो कुछ बड़े और कड़े फैसले सरकार को करने पड़ेंगे। भले पिछले दशक में कृषि क्षेत्र के लिए ऋण में चाहे जितना इजाफा किया गया हो लेकिन आज भी छोटे और सीमांत किसान अपनी जरूरतों की पूर्ति के लिए सेठ-साहूकारों की ही मदद लेते हैं। ऐसा लगता है कि बैंकों की ऋण सुविधाओं का अधिकतर लाभ भी वही किसान उठा रहे हैं जो कर्ज चुकाने की स्थिति में हैं। यदि किसानों को खेती से लाभ दिलाने के लिए दीर्घकालिक उपायों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो स्थिति भयानक हो सकती है। यही वजह है कि अब किसानों के लिए खेती लाभप्रद व्यवसाय नहीं रह गई है और खेती से मोहभंग के कारण वे लगातार रोजगार के वैकल्पिक उपायों को अपना रहे हैं। अगर किसानों और कृषि के प्रति यही बेरुखी रही, तो वह दिन दूर नहीं, जब हम खाद्य असुरक्षा की तरफ तेजी से बढ़ जाएंगे। जोकि देश की खाद्य सुरक्षा के लिए खतरे का संकेत है। खाद्य पदार्थों की लागातार बढ़ती कीमत हमारे लिए खतरे की घंटी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं



संकलित
दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम् की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।


## गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित
प्रेरणा

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्योधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्योधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### किसान मायूस क्यों हैं?

इस बार आसमान से पानी नहीं बरसा, पर किसानों की मेहनत पर जरूर पानी फिर गया है। किसानों ने मेहनत से गेहूं की फसल की रोपाई तो की, पर बारिश पर आश्रित किसान बारिश न होने से मायूस है। बारिश के अभाव में और देर से होने वाली बारिश के कारण गेहूं के दाने छोटे आकार में रह सकते हैं, जिससे उत्पादन में भी गिरावट आने की संभावना है। छोटे दाने गेहूं की गुणवत्ता को भी प्रभावित करते हैं। समय पर बारिश न होने के कारण किसान चिंतित दिखाई दे रहे हैं। इस सूखे का असर सिर्फ किसानों पर ही नहीं पड़ेगा, बल्कि गेहूं की कमी से कीमतें बढ़ेगी और आम आदमी की रसोई के बजट पर भी इसका असर पड़ेगा। खाद्य सुरक्षा योजनाएं भी प्रभावित होंगी। इन सभी समस्याओं से निपटने के लिए सरकार को अभी से कमर कस लेनी चाहिए। *- संतोष सोनी, अंबिकापुर*

### ट्रेंड

**रण उत्सव में जरूर आएं**



कच्छ की परंपरा, संस्कृति और विरासत का प्रतीक रण उत्सव हर किसी का मन मोह लेने वाला है। अद्भुत क्राफ्ट बाजार हो, सांस्कृतिक कार्यक्रम या फिर खान-पान की परंपरा, यहां का आपका हर अनुभव अविस्मरणीय बन जाएगा। आप से आग्रह है कि एक बार रण उत्सव में जरूर आएं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

**ब्रू रियांग लोगों का दर्द**



त्रिपुरा पर लंबे समय तक शासन करने वाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट सरकारों ने ब्रू रियांग लोगों के दर्द को कभी नहीं देखा; मोदी जी ने इन लोगों के दर्द को देखा, समझा और दूर करने का काम किया।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

**हार्दिक शुभकामनाएं**



वाह ! सुशीला बिटिया, आपकी अद्भुत गेंदबाजी, आपकी मेहनत देखकर बहुत प्रसन्नता हुई।खिलाड़ियों के लिए और अधिक आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं। मैं, आपके उज्वल और स्वर्णिम भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।
- क. राज्यवर्धन राठौड़, भाजपा प्रवक्ता

**हवन करना जरूरी**




तन और मन की शुद्धि के साथ -साथ अपने आसपास की नकारात्मकता भी खत्म हो जाती है इसलिए हवन जरूर करते रहना चाहिए।
-मनु भाकर, भारतीय शूटर

### करंट अफेयर

## अल्बानिया में एक साल के लिए टिकटॉक हुआ बंद

अल्बानिया के प्रधानमंत्री ने वीडियो सेवा 'टिकटॉक' पर खासकर बच्चों में हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए उसे एक साल के लिए बंद किए जाने की शनिवार को घोषणा की। अल्बानियाई अधिकारियों ने नवंबर के मध्य में टिकटॉक पर शुरू हुए झगड़े के बाद एक किशोर की दूसरे किशोर द्वारा चाकू घोंपकर हत्या किए जाने की घटना के बाद शिक्षकों और अभिभावकों के साथ 1,300 बैठक कीं। प्रधानमंत्री एडी रामा ने शिक्षकों और अभिभावकों के साथ एक बैठक में कहा कि टिकटॉक 'सभी के लिए पूरी तरह से बंद किया जाएगा... अल्बानिया गणराज्य में टिकटॉक उपलब्ध नहीं होगा। रामा ने कहा कि यह फैसला अगले साल से लागू होगा। वहीं टिकटॉक ने चाकू घोंपने वाले किशोर के मामले पर 'अल्बानिया सरकार से तत्काल स्पष्ट जानकारी' मुहैया कराने को कहा है। कंपनी ने कहा कि उसे 'इस बात का कोई सबूत नहीं मिला है कि अपराधी या पीड़ित का 'टिकटॉक अकाउंट' था और कई रिपोर्ट ने वास्तव में पुष्टि की है कि इस घटना से जुड़े वीडियो टिकटॉक पर नहीं बल्कि किसी अन्य मंच पर साझा किए गए थे।'




### ऑफ बीट

## आपके बलगम का रंग बताएगा आपकी सेहत

क्या आपने कभी सोचा है कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके बलगम का रंग अलग क्यों होता है? शायद आप यह सवाल पूछने वाले पहले व्यक्ति नहीं हैं।



वास्तव में कई कारण हैं कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके नाक के बलगम का रंग बदल जाता है। नाक के बलगम का रंग और गाढ़ापन आपकी रोग प्रतिरोध प्रणाली के बारे में रोचक जानकारी दे सकता है, और यह भी बता सकता है कि आपका शरीर बीमारियों के प्रति कैसे प्रतिक्रिया करता है। बलगम हमारे नाक के मार्ग में स्थित ऊतकों द्वारा निर्मित होता है। अक्सर इसे केवल एक दिक्कत के रूप में देखा जाता है, लेकिन बलगम एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। असल में यह एक सुरक्षात्मक अवरोधक के रूप में कार्य करता है, जो धूल, किटाणु, वायरस और अन्य कणों को श्वसन प्रणाली के गहरे भागों तक पहुंचने से रोकता है। हमारे नाक के बलगम में मौजूद लाइसोजाइम और लैक्टोफेरिन जैसे एंजाइम में रोगाणुरोधी गुण भी होते हैं। वे किटाणु की कोशिका को तोड़ते हैं और किटाणु के विकास को सीमित करने में मदद करते हैं। यह सुरक्षात्मक भूमिका बलगम को प्रतिरोधक की एक महत्वपूर्ण रेखा बनाती है, ऐसे समय में भी जब हम अस्वस्थ न हों।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## एक्शन से लेकर हॉरर कॉमेडी और पौराणिक तक, अलग-अलग शैली की फिल्में रहे गुलजार

# ये हैं इस साल के सफल निर्देशक, सीधे दर्शकों के दिलों में उतरीं इनकी फिल्में

*नई दिल्ली। इस साल बॉक्स ऑफिस पर कई फिल्मों का धमाल रहा। कुछ बॉक्स ऑफिस पर खरी नहीं उतरीं, तो उनकी कहानियां दर्शकों को बेहद पसंद आईं। इसके पीछे निर्देशकों की मेहनत रही है। इस साल एक्शन से लेकर हॉरर कॉमेडी और पौराणिक तक, अलग-अलग शैली की फिल्मों से सिनेमाघर गुलजार रहे। किसी की कहानी पसंद आई तो कुछ में सितारों का अभिनय दर्शकों के दिल में उतर गया। इन फिल्मों को बेहतर बनाने में जितनी मेहनत सितारों की रही है, उतनी ही निर्देशकों की भी रही। परदे के पीछे काम करने वाले ऐसे निर्देशकों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने इस साल कमाल किया।*



**प्रशांत वर्मा :** इस साल 12 जनवरी को फिल्म आई 'हनुमान'। इस फिल्म का निर्देशन प्रशांत वर्मा ने किया। फिल्म में तेजा सज्जा ने लीड रोल अदा किया। यह फिल्म इस साल की मेगा हिट साबित हुई। साउथ के साथ-साथ हिंदी पट्टी में भी फिल्म ने जमकर कमाई की। प्रशांत अब अपनी अगली फिल्म 'जय हनुमान' की तैयारियों में व्यस्त हैं। इसके अलावा वे भारत की पहली महिला सुपरहीरो फिल्म 'महाकाली' भी बना रहे हैं।



**सिद्धार्थ आनंद :** इसी साल गणतंत्र दिवस के मौके पर ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण अभिनीत फिल्म 'फाइटर' रिलीज हुई। इसका निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया। बीते वर्ष 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर देने वाले सिद्धार्थ की यह फिल्म उतना कमाल तो नहीं कर सकी, लेकिन दर्शकों को पसंद आई और हिट रही।



**किरण राव :** इस साल आई फिल्म 'लापता लेडीज' ने भारतीय दर्शकों के साथ-साथ दुनियाभर के दर्शकों का प्यार बटोरा है। यह फिल्म खबरों में भी खूब छाई रही। इसका निर्देशन किरण राव ने किया और इस कसौटी पर वे एकदम खरी उतरीं। उन्होंने भारतीय ग्रामीण परिवेश और महिलाओं की स्थिति को अपनी फिल्म में बखूबी दिखाया। यह फिल्म दो दुल्हनों के बदल जाने की मार्मिक कहानी पर आधारित है। इसे 97वें अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म की श्रेणी में भारत की ओर से आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में भेजा गया।



**नाग अश्विन :** इस साल कल्कि 2898 एडी जैसी फिल्म का निर्देशन करके नाग अश्विन ने खूब तारीफें बटोरी हैं। प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन, दुलकर सलमान और दिशा पाटनी जैसे सितारों से सजी यह फिल्म साउथ और हिंदी बेल्ट, दोनों जगह खूब पसंद की गई। फिल्म को नाग अश्विन के ससुर यानी उनकी पत्नी प्रियंका दत्त के पिता ने अश्विन दत्त ने किया।



**निखिल भट्ट :** लक्ष्य ललवानी और राघव जुयाल अभिनीत फिल्म 'किल' ने इस साल खूब धमाल मचाया। फिल्म में जबर्दस्त एक्शन दिखाया गया है। इस फिल्म का निर्देशन निखिल नागेश भट्ट ने किया है। धर्मा प्रोडक्शंस और सिख्या एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित यह फिल्म ट्रेन डकैती की घटना से प्रेरित है।



**अमर कौशिक :** अब बारी है बॉलीवुड की इस साल की नंबर वन फिल्म की। जी हां, बात कर रहे हैं 'स्त्री 2' की। फिल्म के लिए इसके सितारे जितनी तारीफों के हकदार हैं, उतनी ही तालियां निर्देशक अमर कौशिक को भी मिलनी चाहिए। अगस्त में रक्षाबंधन के अवसर पर रिलीज हुई यह फिल्म महीनेभर से ज्यादा समय तक सिनेमाघरों में टिकी रही।



**पायल कपाड़िया :** भारतीय निर्देशक पायल कपाड़िया ने तो देश क्या, दुनियाभर में तारीफें बटोरी हैं। उन्होंने फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' जैसी कालजयी फिल्म बनाई है। इसे 2024 के कान फिल्म फेस्टिवल में ग्रैंड प्रिक्स पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह कान फिल्म फेस्टिवल का दूसरा सबसे बड़ा सम्मान है।



**राजकुमार पेरियासामी (अमरण), अनीस बज्मी (भूल भुलैया 3) :** बॉलीवुड में जिस वक्त भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन जैसी फिल्में रिलीज हुईं, उसी दौरान साउथ में फिल्म रिलीज हुई 'अमरण'। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने बवाल काट दिया। भूल भुलैया 3 से भी बहुत कम बजट की फिल्म को कमल हासन प्रोड्यूस किया। फिल्म का निर्देशन राजकुमार पेरियासामी ने किया। इसके अलावा 'भूल भुलैया 2' का निर्देशन कर सफलता पाने वाले अनीस बज्मी ने इस लोकप्रिय फ्रेंचाईजी की तीसरी किस्त 'भूल भुलैया 3' के लिए भी तारीफ बटोरी हैं।



**सुकुमार :** सबसे आखिर में बात इस साल की भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्म की। मूल रूप से साउथ की फिल्म 'पुष्पा 2' ने हिंदी बॉक्स ऑफिस को भी हिलाकर रख दिया है। अल्लू अर्जुन अभिनीत यह फिल्म हिंदी में भी नंबर वन बन चुकी है। इसका निर्देशन सुकुमार ने किया है।

# हर 6 महीने में माननी पड़ती है हार...


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड अभिनेत्री ऋचा चड्ढा और अली फजल ने इंडस्ट्री में अपनी मेहनत और अभिनय के दम पर एक खास पहचान बनाई है। दोनों ने शादी की। साथ ही अब उनकी एक बेटी भी है। कपल ने स्क्रीन लाइव प्रोग्राम में अपने फिल्मी सफर को लेकर बात की है। ऋचा और अली ने बताया कि वे निराशा की भावनाओं से कैसे निपटते हैं, उन्होंने बताया कि एक समय आया जब उन्हें लगा कि अब हार मान लेनी चाहिए। ऋचा चड्ढा ने कहा कि करियर में आगे बढ़ने के लिए उन्हें हर 6 महीने में हार माननी पड़ती है। उन्होंने कहा, 'हर छह महीने में मुझे हार माननी पड़ती है और फिर से शुरुआत करनी पड़ती है।' अली फजल ने कहा, आमिर खान के साथ वे थ्री ईडियट्स फिल्म में पहली बार नजर आईं थीं। ऋचा चड्ढा ने कहा, दिबाकर बनर्जी की फिल्म ओए लकी, लकी ओए में उन्होंने साल 2008 में पहली बार काम किया था। इसके बाद दोनों बॉलीवुड अभिनेता 'फुकरे' फिल्म में साथ नजर आए थे। इसके बाद अली को अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर में नजर आए थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो दोनों सितारे 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' को लेकर व्यस्त हैं। इस फिल्म का निर्देशन सुची तलाती ने किया। फिल्म में सह-निर्माता ऋचा चड्ढा और कार्यकारी निर्माता अली फजल हैं।



# बॉलीवुड में बदलावों की है जरूरत...

**मुंबई।** वरुण धवन अपनी आगामी फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर सुर्खियों में बने हुए है। अभिनेता फिल्म के प्रमोशन में जोर-शोर से लगे हैं। हाल ही में वरुण ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में किन बदलावों की जरूरत हैं इस पर बात की। वरुण धवन को लगता है कि बॉलीवुड में इस समय ऐसे लोगों का दबदबा है, जिनकी सोच पैन इंडिया नहीं है, बल्कि वह मुंबई तक सीमित है। अभिनेता को लगता है कि कहानी कहने में एक निश्चित गहराई लाने के लिए पूरे भारत से लोगों का बॉलीवुड में शामिल होना जरूरी है। वरुण ने आगे कहा, 'पहले ऐसा होता था। मुझे लगता है कि अब यह थोड़ा मुश्किल हो गया है। प्रवेश करना। प्रवेश ना करना। अब आप सोच रहे हैं कि क्या मुझे फिल्म इंडस्ट्री में जाना चाहिए? क्या मुझे एक प्रभावशाली व्यक्ति बनना चाहिए? क्या मुझे वहीं कुछ शॉर्ट्स निर्देशित करने चाहिए? या मुझे ओटीटी पर जाना चाहिए? मुझे लगता है कि मुंबई के अलावा कुछ आवाजों को अलग-अलग जगहों से आने की जरूरत है।




# शाहरुख की आवाज का चला जादू

**मुंबई।** फोटो रियलिस्टिकली एनिमेटेड फिल्म 'मुफासा: द लायन किंग' कई भारतीय भाषाओं में रिलीज हुई है। इस फिल्म की अपनी अलग एक ऑडियंस है। हिंदी वर्जन में शाहरुख खान की आवाज से यह फिल्म भारतीय दर्शकों को थिएटर तक लाने में कामयाब रही है। पहले दिन फिल्म 'मुफासा: द लायन किंग' ने भारतीय भाषाओं में कुल मिलाकर अच्छा कलेक्शन किया है। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक अब तक फिल्म 'मुफासा: द लायन किंग' ने सभी भारतीय भाषाओं में लगभग 7.16 करोड़ रुपए की कमाई की है। यह पहले दिन के हिसाब से अच्छा कलेक्शन माना जा सकता है। शनिवार और रविवार को इसमें अधिक बढ़ोतरी देखी जा सकती है, इस दिन बच्चों के तौर पर अधिक ऑडियंस इस फिल्म को मिल सकती है। कई भारतीय भाषाओं में रिलीज होने वाली 'मुफासा: द लायन किंग' में शाहरुख खान, हिंदी वर्जन में मुफासा की आवाज बने हैं।



## मैं अध्यात्म की ओर बढ़ गई, इच्छाएं मर गईं

**मुंबई।** बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने बताया कि वे अब पूरी तरह से आध्यात्मिक राह पर हैं। अब उनके अंदर शादी और प्यार किसी चीज के लिए कोई इच्छा शेष नहीं रह गई है। ममता ने विक्की ललवानी के साथ इंटरव्यू में यह खुलासा किया है। ममता कुलकर्णी का नाम ड्रग्स केस में भी आया था। ममता कुलकर्णी ने अपनी आध्यात्मिक यात्रा के बारे में बताया कि इसके लिए उन्हें आंतरिक आवाज आई। एक्ट्रेस ने कहा, 'मैं ध्यान, तप और पूजा-पाठ की तरफ बढ़ी। एक-एक महीने मैं खाना नहीं खाती थी। मैं बिना खाने के रहती थी। मैंने भगवद्गीता, रामायण सभी वेद पढ़े। मेरे गुरू मुंबई में थे। 2000 में मैंने इंडिया छोड़ दिया।



## टीवी मसाला



# सुरेंद्र शर्मा ने कसा कपिल शर्मा पर तंज, 'उन्हें हंसाना नहीं आता

**नई दिल्ली।** कवि सुरेंद्र शर्मा ने कपिल शर्मा को लेकर अपनी कुछ बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि कॉमेडियन के साथ उनकी अनबन पारिश्रमिक को लेकर मतभेद की वजह से हुई है। इसके साथ ही उन्होंने कपिल के शो को लेकर भी अपनी राय साझा की। इंटरव्यू में सुरेंद्र शर्मा ने कहा, 'अनबन की कोई वजह नहीं है। उन्होंने मेरे साथ कई शो किए हैं, जब वे लोकप्रिय नहीं थे। कपिल शर्मा को हंसाने के लिए कुछ लोगों की जरूरत है। मुझे इसकी जरूरत नहीं है। उन्होंने मुझे अपने शो के लिए बुलाया भी था, लेकिन मैं नहीं गया। मैंने उनसे कहा कि वे इतना कमा रहे हैं कि मुझे पारिश्रमिक भी चाहिए। उन्होंने मुझसे कहा कि उनके शो में आने से मेरी लोकप्रियता बढ़ेगी। मैंने ऐसा करने से मना कर दिया। निर्माताओं ने मुझसे संपर्क किया था लेकिन मैं नहीं गया।' उन्होंने कहा कि मैं नहीं कहता कि कपिल शर्मा को कॉमेडी नहीं आती, उन्हें 3-4 लोगों की जरूरत होती है, सबको हंसाने के लिए। उन्हें नहीं मालूम कि कॉमेडी क्या होती है, वे नहीं जानते कि क्या कह रहे हैं। सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि कुमार विश्वास तीन कवि सम्मेलनों के लिए 25-30 लाख रुपए लेते हैं। मैं उनसे कम पैसे लेता हूं। मुझसे कई बार पूछा गया कि मैं कम चार्ज क्यों करता हूं। इस पर मैं कहता हूं कि एक समय था जब मैं गोपाल दास नीरज से भी ज्यादा रुपए लेता था। शैलेश लोढ़ा एक शो के लिए 12-13 लाख रुपए चार्ज करते हैं।

## ये रिश्ता क्या कहलाता है में आएगा नया ट्विस्ट, अभिरा लेगी अरमान से तलाक!

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का शो ये रिश्ता क्या कहलाता है के हाल ही के ट्विस्ट में, अभिरा (समृद्धि शुक्ला) और अरमान (रोहित पुरोहित) एक मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं, जहां उन्हें दक्ष की सच्चाई सामने आने के बाद के हालात का सामना करना पड़ रहा है। शो की कहानी इस वक्त अभिरा, अरमान और रूही के इर्द-गिर्द घूम रही है। अभिरा को पता चलता है कि दक्ष रूही और रोहित का बच्चा है। ये सच्चाई जानकर अभिरा टूट जाती है, क्योंकि उसे लगता है कि अरमान ने उसके भरोसे को तोड़ा है। दिल टूटने के बाद, अभिरा अरमान को तलाक का नोटिस भेजने का फैसला करती है, जिससे उनके रिश्ते में बड़ा मोड़ आ जाता है। इसी बीच, दादी सा बीच में आती हैं और अरमान को 8 दिन का चैलेंज देती हैं कि वह अभिरा को मना ले, वरना उनके अलग होने के नतीजे भुगतने पड़ेंगे। जैसे ही अरमान अभिरा का भरोसा और प्यार वापस पाने की कोशिश करता है, फैंस के मन में एक बड़ा सवाल खड़ा हो जाता है।



सत्यमेव जयते
भारत सरकार

युवाओं को मिल रहे अवसर अपार
विकसित भारत का सशक्त आधार



युवाओं को सरकारी नौकरी देने के लिए
रोज़गार मेला

देश भर में 45 स्थानों पर सरकारी नौकरियों में चयनित
71 हज़ार से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्रों का वितरण

प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी
द्वारा

23 दिसंबर, 2024 | प्रातः 10:30 बजे
(वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से)

भारत सरकार और सहयोगी राज्य सरकारों द्वारा मिलकर रोजगार के लाखों अवसरों का सृजन

महिलाओं, दिव्यांगजन और आकांक्षी जिलों के अभ्यर्थियों को विशेष लाभ

पेपर लीक के खिलाफ कड़ा कानून लाकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ पर लगाया अंकुश

यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड और आईबीपीएस जैसी प्रतिष्ठित एजेंसियों के माध्यम से नियुक्तियाँ

ऑनलाइन सिस्टम से ख़ाली पदों और भर्ती प्रक्रिया की निरंतर निगरानी

चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण के लिए आई-गॉट कर्मयोगी पोर्टल पर 1500 से अधिक पाठ्यक्रम तथा "कर्मयोगी प्रारंभ" मॉड्यूल उपलब्ध

cbc 19101/13/0031/2425

DD NEWS डीडी न्यूज़ पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें।

प्रशिक्षण संबंधी अधिक जानकारी के लिए कर्मयोगी वेबसाइट https://igotkarmayogi.gov.in/ पर जाएँ या QR Code को स्कैन करें!



कृषि एवं किसान
कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

# भारत रत्न चौधरी चरण सिंह

## की जयंती

# 'राष्ट्रीय किसान दिवस'

के अवसर पर कृतज्ञ राष्ट्र का शत-शत नमन

### किसानों के लिए बीज से बाजार तक भारत सरकार के अथक प्रयास

- कृषि मंत्रालय का बजट वर्ष 2014-15 में लगभग ₹22 हजार करोड़ से 5 गुना बढ़कर वर्ष 2024-25 में ₹1.22 लाख करोड़ हुआ; जिससे खेती बनी आधुनिक और किसान हुए समृद्ध
- पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत ₹3.46 लाख करोड़ के वितरण से किसानों का जीवन हुआ सुगम
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को मिली ₹1.70 लाख करोड़ की आर्थिक मदद
- 'सतत आय' पहल के तहत किसानों को एमएसपी के लिए लगभग ₹2 लाख करोड़ के प्रावधान से किसानों का जीवन हुआ उज्ज्वल
- प्रधानमंत्री-आशा योजना के अंतर्गत ₹35,000 करोड़ के प्रावधान से किसानों के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया गया
- कृषि अवसंरचना कोष योजना के अंतर्गत ₹1 लाख करोड़ के निवेश से किसानों को मिला वित्तीय लाभ; आधुनिक कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए ₹2 करोड़ तक की ऋण गारंटी
- 109 उच्च उपज वाली और जलवायु-अनुकूल फसल किस्में जारी करने से किसानों का खर्च हुआ कम
- 24.60 करोड़ से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड के वितरण से किसानों की उपज को बढ़ावा मिला
- प्रति ड्रॉप अधिक क्रॉप योजना से लगभग 95 लाख हेक्टेयर क्षेत्र सूक्ष्म सिंचाई के तहत कवर हुआ
- 9,000 से अधिक FPO पंजीकृत; 23 लाख किसान लाभार्थी बने
- ई-नाम पोर्टल पर 1410 मंडियों का पंजीकरण होने से कृषि क्षेत्र को मिली नई दिशा
- नमो ड्रोन दीदी योजना के अंतर्गत 15,000 महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य, अब तक 1000 ड्रोन किए गए वितरित; ₹1,261 करोड़ से अधिक का प्रावधान

CBC 01102/13/0006/2425

"कई दशकों पहले, चौधरी चरण सिंह जी ने खुद देश को बदलाव के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का रास्ता दिखाया था। केंद्र सरकार का निरंतर प्रयास किसानों को सशक्त बनाना है। जब किसानों की उन्नति होगी, तो पूरे राष्ट्र की उन्नति तय है। - नरेन्द्र मोदी"



भारत का अन्नदाता भारत का भाग्य-विधाता

किसान दिवस पर डीडी किसान चैनल का विशेष प्रसारण देखें, रात 8 बजे से | फॉलो करें: @AgriGoI | पीएम-किसान हेल्पलाइन नं. 155261 | पीएम-किसान हेल्पडेस्क https://pmkisan.gov.in/Grievance.aspx | अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें | QR कोड स्कैन करें और WHATSAPP चैनल से जुड़ें

# एक रंग में रंगेगा महाकुंभ, संगम तट के घाटों से लेकर नावों तक दिखेगा भव्य नजारा

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

प्रयागराज के त्रिवेणी संगम की पहचान यहां बहती पवित्र धाराओं और इन धाराओं पर तैरती नावों से होती है। हर साल लाखों श्रद्धालु संगम पर आकर पुण्य की डुबकी लगाते हैं और इन नावों का सहारा लेकर संगम की त्रिवेणी तक पहुंचते हैं। अब महाकुंभ 2025 को स्वच्छ, सुंदर और विशेष बनाने के लिए संगम क्षेत्र में नावों और घाटों के सौंदर्यीकरण का अनोखा अभियान शुरू किया है।

महाकुंभ 2025 को स्वच्छ और आकर्षक बनाने के लिए नमामि गंगे मिशन के अंतर्गत प्रयागराज के पक्के घाटों और लगभग 2000 नावों की पेंटिंग और मरम्मत का काम शुरू किया गया है। इन नावों पर धार्मिक और सांस्कृतिक चित्रों के साथ-साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश भी लिखे जा रहे हैं।

## नमामि गंगे मिशन के तहत नावों पर चित्रकारी

महाकुंभ मेले की जोरो पर हैं तैयारियां


13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा यह महाकुंभ




### 5 लाख स्क्वायर फिट क्षेत्र में होगी पेंटिंग

प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा 'पेंट माई सिटी' अभियान के तहत 5 लाख स्क्वायर फिट क्षेत्र में पेंटिंग का कार्य करवाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल घाटों और नावों को आकर्षक बनाना है, बल्कि श्रद्धालुओं को स्वच्छता और नदी संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है। संगम पर पीढ़ियों से नाव चलाने वाले मल्लाह और नाविक सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से बेहद उत्साहित हैं।

### घोड़ों पर गश्त कर रही पुलिस, लगाए 2700 कैमरे



प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के लिए पुलिस-प्रशासन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। महाकुंभ मेले को लेकर प्रदेश में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में उत्साह का माहौल बना हुआ है। न्यूज़ एजेंसी एएनआई की खबर के मुताबिक, महाकुंभ में मुख्य स्नान पर्व, जिसे 'शाही स्नान' के नाम से जाना जाता है, 14 जनवरी (मकर संक्रांति), 29 जनवरी (मौनी अमावस्या) और 3 फरवरी (बसंत पंचमी) को होगा। इस बीच, प्रयागराज पुलिस महाकुंभ मेला 2025 से पहले गश्त के लिए घोड़ों का इस्तेमाल कर रही है। अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि महाकुंभ 2025 को लेकर शहर में जो हमारी परियोजनाएं संचालित हो रही थीं, उनका डिजिटलीकरण कर दिया गया है। इस बार गूगल ने अपनी नीति में बदलाव करते हुए हमें नेविगेशन सुविधा उपलब्ध कराई है, जिससे लोगों को काफी सुविधा होगी।

### एआई चैटबॉट का इस्तेमाल

इस बार एआई का इस्तेमाल किया गया है। करीब 2700 कैमरे लगाए जा रहे हैं जो एआई युक्त हैं। एआई चैटबॉट भी लाया गया है जो एक एआई ऐप है जिसमें कोई भी किसी भी भाषा में कुंभ से जुड़ा सवाल पूछेगा तो उसे जवाब मिल जाएगा।पहले दिन ही करीब 15 से 16 हजार लोगों ने एआई चैटबॉट का इस्तेमाल किया। उत्तर प्रदेश का संस्कृति विभाग प्रयागराज में प्रमुख स्थानों पर 20 छोटे मंच स्थापित करेगा। जिससे पर्यटकों, श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को 45 दिनों तक भारत की समृद्ध सांस्कृतिक झलक दिखाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### क्रिसमस समारोह में शामिल होंगे पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को यहां कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) द्वारा सीबीसीआई सेंटर में आयोजित क्रिसमस समारोह में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी कार्डिनल, बिशप और चर्च के प्रमुख पदाधिकारियों सहित ईसाई समुदाय के प्रमुख नेताओं के साथ बातचीत करेंगे।

### विभाग आवंटन से कुछ लोग नाखुश हैं : अजीत



**बारामती (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने राज्य मंत्रिपरिषद में मंत्रियों की अधिक संख्या और उनमें से प्रत्येक को विभाग आवंटित करने की ''सीमा'' को स्वीकार करते हुए रविवार को कहा कि कुछ सदस्य स्वाभाविक रूप से खुश नहीं हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा विभागों का आवंटन किए जाने के एक दिन बाद अजित पवार ने कहा कि लंबित परियोजनाओं पर काम जल्द ही शुरू हो जाएगा।

### परीक्षा टालने अपने ही स्कूल में भाई-बहन ने भेजी बम की धमकी

**नई दिल्ली।** राजधानी में लगातार स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल आ रहे हैं। जांच में यह बात सामने आई है कि दिल्ली के कुछ स्कूलों में उसी स्कूल के छात्रों ने बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल भेजा। रोहिणी सेक्टर 13 स्थित वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल सहित तीन स्कूलों में भेजे गए ई-मेल की जांच में पता चला कि स्कूल के छात्रों ने ही धमकी भरे ई-मेल भेजे थे। 29 नवंबर को प्रशांत विहार स्थित वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल में धमकी भरे ई-मेल भेजे गए थे।

## सैटेलाइट से खुलासा, भूटान के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित हैं ये गांव

# डोकलाम के करीब भूटान में ड्रैगन ने बसाए 22 गांव

लद्दाख में पीछे हटने के बाद चीन ने फिर बढ़ाई भारत की चिंता

चीन अब फिर पुराना रवैया अपनाने की कर रहा है कोशिश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विस्तारवादी नीति के तहत पड़ोसियों की जमीन पर कब्जा करके उस पर दावा करना चीन की पुरानी आदत रही है। लद्दाख में लगभग 5 साल तक टकराव में विफल होने के बाद अब एक बार फिर चीन अब फिर पुराना रवैया अपनाने की कोशिश कर रहा है।

चीन एक तरफ जहां भारत से सीमा विवाद (Indo-China Border Dispute) को सुलझाने की बात कर रहा है, तो दूसरी ओर वह डोकलाम के आस-पास के गांवों को बसा रहा है। उसकी ये सारी चालबाजियां सैटेलाइट तस्वीरों से सामने आने लगी हैं। पड़ोसी मुल्क चीन पिछले 8 साल से भूटान के पारंपरिक क्षेत्र में करीब 22 गांव बसा चुका है। इतना ही नहीं, ड्रैगन ने 2020 के बाद से डोकलाम नामक पठार क्षेत्र के पास करीब 8 गांवों का निर्माण कर चुका है। चीन का ये कदम जितना खतरनाक भूटान के लिए है, ठीक उतना ही नकारात्मक भारत के लिहाज से भी है।



### 'चिकन नेक' को लेकर बढ़ी चिंता

इन गांवों की स्थिति ने एक बार फिर दिल्ली में बैठी सत्ता को चिंतित कर दिया है। इसकी वजह यह भी है कि इस रणनीतिक क्षेत्र में चीनी स्थिति मजबूत होने से सिलीगुड़ी कॉरिडोर या तथाकथित 'चिकन नेक' की भेद्यता बढ़ सकती है, ये भारत की मुख्य भूमि को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ने वाला एक संकीर्ण भूभाग है। इस घटनाक्रम से भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर पर प्रभाव पड़ेगा। भारत के लिए प्राथमिक चिंता डोकलाम बनी हुई है। भूटान ने संकेत दिया है कि डोकलाम के बारे में कोई भी निर्णय भारत को शामिल करेगा। एक बड़ा सवाल यह है कि क्या चीन का दबाव भूटान को भारत के प्रभाव क्षेत्र से दूर कर सकता है।

### सैटेलाइट फोटोज से हुआ खुलासा

दरअसल, चीन की चालबाजी का खुलासा सैटेलाइट फोटोज से हुआ है। रॉबर्ट बार्नेट की रिपोर्ट 'फोर्सफुल डिप्लोमेसी : भूटान में चीन के सीमा पार गांव' में इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई है। बताया गया है, डोकलाम के नजदीक भूटान के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित 8 गांव रणनीतिक रूप से एक घाटी या रिज पर स्थित हैं, यहां से चीन के दावे वाली घाटी दिखाई देती है, और कई चीनी सैन्य चौकियों या ठिकानों के नजदीक हैं। बता दें कि पर्यवेक्षकों और शोधकर्ताओं द्वारा खोजे गए 22 गांवों में से सबसे बड़ा गांव, जिवु है। ये पारंपरिक भूटानी चरागाह भूमि पर बना है जिसे त्सेथांगखा के नाम से भी जाना जाता है, और यह पश्चिमी क्षेत्र में स्थित है।

### 2017 से भारत से चल रहा सीधा टकराव

बता दें कि डोकलाम 2017 में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच 73 दिनों तक चले टकराव की वजह बन चुका है, जब नई दिल्ली ने सड़क और अन्य सुविधाओं के निर्माण को रोकने के लिए हस्तक्षेप किया था, जिससे चीन को पठार के सबसे दक्षिणी हिस्से तक पहुंच मिल जाती। हालांकि गतिरोध के अंत में दोनों पक्षों की सेनाएं पीछे हट गई थीं। वहीं अब एक बार फिर सामने आई सैटेलाइट इमेज ने नया विवाद खड़ा कर दिया है।

### भारत-चीन संबंध

भारत और चीन के बीच संबंध 1962 के सीमा युद्ध के बाद से तनावपूर्ण रहे हैं, खासकर 2020 में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के लद्दाख सेक्टर में सैन्य गतिरोध शुरू होने के बाद। बता दें, भूटानी क्षेत्र में गांवों का निर्माण चीन की रणनीति का हिस्सा माना जाता है, जिसके तहत वह जमीन पर तथ्यों को धीरे-धीरे बदलना चाहता है। यह दृष्टिकोण दक्षिण चीन सागर में उसकी कार्रवाइयों का मात्र एक उदाहरण है। यह स्थिति भूटान और भारत दोनों के लिए एक चुनौती है, क्योंकि इसका क्षेत्रीय स्थिरता और प्रभाव गतिशीलता पर प्रभाव पड़ सकता है।

# तहरीक-उल-मुजाहिदीन का आतंकी बंगाल में चढ़ा सुरक्षाबलों के हत्थे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर आए कश्मीरी आतंकवादी को पश्चिम बंगाल की स्पेशल टास्क फोर्स ने कैनिंग इलाके से पकड़ा। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की एक टीम ने कल दक्षिण 24 परगना के कैनिंग इलाके में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास एक पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादी को पकड़ा है, जिसकी पहचान जावेद मुंशी के रूप में हुई है। ये आतंकीकुछ दिन पहले लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकियों के निर्देश पर बांग्लादेश में घुसपैठ करने के लिए कैनिंग इलाके में आया था। पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने जावेद मुंशी को पकड़ा है, जो एक जाना-माना आईईडी विशेषज्ञ और हथियार संचालक है। मुशी प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-उल-मुजाहिदीन (टीयूएम) से जुड़ा हुआ है। इसका आतंकवाद से जुड़ी गतिविधियों में शामिल होने का इतिहास रहा है।

### पाक में ली थी ट्रेनिंग



*पश्चिम बंगाल पुलिस के प्रयासों को कर रहा उजागर : यह ऑपरेशन राज्य की सीमाओं को सुरक्षित करने और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए किसी भी संभावित खतरे को रोकने के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस के चल रहे प्रयासों को उजागर करता है।*

### जम्मू-कश्मीर पुलिस को सौंपा गया आतंकवादी

शुरुआती पूछताछ में उसने अपने संचालकों के निर्देश पर कई मौकों पर फर्जी पाकिस्तानी पासपोर्ट पर बांग्लादेश, नेपाल और पाकिस्तान की यात्रा करने की बात स्वीकार की है। वह जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से भी वांछित है। पकड़े गए व्यक्ति को जम्मू-कश्मीर पुलिस को सौंप दिया गया है, जो गिरफ्तार आतंकवादी को ट्रांजिट रिमांड पर लेने के बाद आगे की जांच करने के लिए कश्मीर वापस लौटेगी।

# चुनाव नियम बदलना सरकार की सोची-समझी साजिश

खड़गे बोले- यह चुनाव आयोग की आजादी पर हमला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



चुनाव के नियमों में बड़े बदलाव की खबरों ने सत्ता के गलियारों में भूचाल ला दिया है। कांग्रेस पार्टी ने मामले को कोर्ट में ले जाने का ऐलान किया है। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी केंद्र सरकार के इस कदम पर जमकर खरी-खोटी सुनाई है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि चनावी नियमों में बदलाव एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। मल्लिकार्जुन खड़गे के अनुसार सरकार ने चुनाव आयोग की स्वतंत्रता पर हमला किया है। इससे संविधान और लोकतंत्र को गहरी ठेस लगी है। मोदी सरकार ने जानबूझकर चुनाव के नियमों में बदलाव किए हैं। यह सिस्टमैटिक साजिश का हिस्सा है, जिसका मकसद चुनाव आयोग की आजादी छीनना है। खड़गे ने आगे कहा कि चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के दौरान पहले भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को सेलेक्शन पैनल से निकाला गया।

### यह है मामला

बता दें कि चुनाव आयोग की सिफारिश पर केंद्र सरकार ने कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल 1961 में बदलाव कर दिया है। इस नियम के सेक्शन 92(2)(**A**) के तहत सरकार को चुनाव से जुड़े सभी दस्तावेज सार्वजनिक रूप से उपलब्ध करवाना चाहिए। मगर सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों को इससे बाहर निकाल दिया है। सरकार का कहना है कि पोलिंग बूथ पर लगे सीसीटीवी जैसे इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों से एआई की मदद से छेड़छाड़ हो सकती है। इसलिए इन्हें सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं करवाया जाएगा। हालांकि कोई उम्मीदवार अगर चाहे तो कोर्ट के जरिए इन्हें हासिल कर सकता है।

# दुकानों और घरों में जा घुसा विमान, 10 की मौत

एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

ब्राजील में रविवार को एक बहुत ही भीषण हादसा हुआ। यहां दक्षिणी ब्राजील के टूरिस्ट सिटी ग्रैमाडो के केंद्र में 10 लोगों को ले जा रहा एक विमान क्रैश हो गया और दुकानों और घरों में जा घुसा। न्यूज एजेंसी राइटर्स ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से कहा कि विमान हादसे में कोई जिंदा नहीं बचा है। गवर्नर एडुआर्डो लेइट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, /"दुर्भाग्य से, शुरुआती रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि विमान में सवार लोग जिंदा नहीं बचे।



ब्राजील के ग्रैमाडो में भीषण हादसा

*लोकप्रिय पर्यटन स्थल है ग्रैमाडो*

*ग्रैमाडो रियो ग्रांडे डो सुल में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है और एक पहाड़ी इलाके में है। इस साल की शुरुआत में, यह इलाका भीषण बाढ़ की चपेट में आ गया था, जिससे इंफ्रास्ट्रक्चर को नष्ट करने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने के साथ-साथ कई मौतें हुईं। यह दुर्घटना क्रिसमस से कुछ ही दिन पहले हुई और शहर इस वक्त का काफी व्यस्त है, जो पारंपरिक रूप से सजाया जाता है और उत्सव कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता।*

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

# अमेरिका ने गलती से अपने ही 2 नेवी पायलटों को गोली मारी

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

लाल सागर में दो अमेरिकी नेवी पायलटों को गोली मारे जाने की घटना सामने आई है, हालांकि अमेरिका ने इस घटना को 'फ्रेंडली फायर' करार दिया है, मतलब, अमेरिका ने ही दोनों नेवी पायलटों को गलती से गोली मार दी थी. दोनों पायलटों को जीवित बरामद कर लिया गया है, जिनमें से एक को मामूली चोटें आईं, लेकिन यह घटना इस बात की ओर इशारा करती है कि लाल सागर अब कितना खतरनाक हो गया है, क्योंकि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा शिपिंग पर लगातार हमले हो रहे हैं।

अमेरिकी और यूरोपीय सैन्य गठबंधन इस क्षेत्र में गश्त कर रहे हैं। जिससे तनाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने बताया कि गोलीबारी के समय हवाई हमले हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर किए जा रहे थे, हालांकि, मिशन के सटीक उद्देश्य के बारे में कोई जानकारी शेयर नहीं की गई। घटना के दौरान एफ/ए-18 लड़ाकू विमान, विमानवाहक पोत यूएसएस हैरी एस. ट्रूमैन से उड़ान भरकर आया था, उसे मार गिराया गया है। 15 दिसंबर को सेंट्रल कमांड ने पुष्टि की थी कि ट्रूमैन मिडिल ईस्ट में प्रवेश कर चुका है।



लाल सागर में बढ़ा तनाव

### गलती से एफ/ए-18 पर बनाया निशाना

सेंट्रल कमांड ने एक बयान में कहा कि गाइडेड मिसाइल क्रूजर यूएसएस गेटीसबर्ग, जो यूएसएस हैरी एस. ट्रूमैन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है, उसने गलती से एफ/ए-18 पर गोली चलाई। हालांकि ये साफ नहीं है कि गेटीसबर्ग एफ/ए-18 को दुश्मन के विमान या मिसाइल के रूप में कैसे समझ सकता है, खासकर तब, जब बैटल ग्रुप में जहाज रडार और रेडियो संचार दोनों से जुड़े रहते हैं। हालांकि सेंट्रल कमांड ने कहा कि युद्धपोतों और विमानों ने पहले कई हूती ड्रोन और विद्रोहियों द्वारा लॉन्च की गई एक एंटी-शिप क्रूज मिसाइल को मार गिराया था। ट्रूमैन के आगमन के बाद अमेरिका ने हूती विद्रोहियों और उनके मिसाइल फायर को लाल सागर और आसपास के क्षेत्र में टारगेट कर अपने हवाई हमलों को बढ़ा दिया है, हालांकि अमेरिकी युद्धपोत समूह की मौजूदगी से विद्रोही नए हमले शुरू कर सकते हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित्त की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन
सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

# भारत बना अंडर19 टी20 एशिया कप चैंपियन




एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

- बांग्लादेश को 41 रन से हराया
- तृषा ने 47 गेंद पर बनाए 52 रन

सलामी बल्लेबाज जी तृषा के शानदार अर्धशतक तथा आयुषी शुक्ला, सोनम यादव और पुरणिका सिसोदिया की बेहतरीन गेंदबाजी से भारत ने रविवार को यहां बांग्लादेश को 41 रन से हराकर पहले महिला अंडर19 टी20 एशिया कप का खिताब जीता। तृषा ने 47 गेंद पर 52 रन बनाए जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 117 रन बनाए। इसके बाद भारतीय स्पिनरों ने अपना जादू दिखाया और बांग्लादेश को 18.3 ओवर में 76 रन पर ढेर कर दिया।



### 41 रन की साझेदारी

भारतीय बल्लेबाजों को तेज गेंदबाज फरजाना इस्मिन के सामने संघर्ष करना पड़ा जिन्होंने चार विकेट हासिल किए। भारत की तरफ से सबसे बड़ी साझेदारी तृषा और कप्तान निक्की प्रसाद ने चौथे विकेट के लिए 41 रन की निभाई। बांग्लादेश के सामने बड़ा लक्ष्य नहीं था और सातवें ओवर में उसका स्कोर दो विकेट पर 44 रन था लेकिन उसने अपने आखिरी आठ विकेट 32 रन के अंदर गंवा दिए। भारत की तरफ से आयुषी ने 17 रन देकर तीन, सोनम ने 13 रन देकर दो और पुरणिका ने 12 रन देकर दो विकेट लिए।

## खबर संक्षेप




### दर्शकों को स्टेडियम में मिलेगा मुफ्त प्रवेश

**नई दिल्ली।** भारत की मेजबानी में अगले महीने वाले पहले खो-खो विश्व कप के मैचों के दौरान दर्शकों को स्टेडियम में मुफ्त में प्रवेश मिलेगा। भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष और इस विश्व कप आयोजन समिति के प्रमुख सुधांशु मित्तल ने यहां जारी विज्ञप्ति में रविवार बताया की खिलाडियों और प्रसंशकों की नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए खो-खो विश्व कप 2025 के दौरान महिला और पुरुष वर्ग दोनों मैचों में दर्शकों को स्टेडियम में मुफ्त में प्रवेश मिलेगा।

### मैकस्वीनी को करना पड़ा चुनौती का सामना

**मेलबर्न।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भारत के दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ संघर्ष करने वाले नाथन मैकस्वीनी के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए कहा कि वह भविष्य में मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में वापसी कर सकते हैं।



मैकस्वीनी को तीन टेस्ट की छह पारियों में चार बार बुमराह ने आउट किया। ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ताओं ने मेलबर्न और सिडनी टेस्ट के लिए उनकी जगह युवा बल्लेबाज सैम कोन्स्टास को चुना है। मैकस्वीनी ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के छह पारियों में 10, शून्य, 39, 10 नाबाद, नौ और चार रन बनाए।

### वुड्स पिता पुत्र की जोड़ी बढ़त पर

**ऑरलैंडो।** टाइगर वुड्स और उनके 15 वर्षीय बेटे चार्ली ने अंतिम नौ होल में लगातार पांच बर्डी लगाकर 13 अंडर 59 का स्कोर बनाया, जिससे उन्होंने पीएनसी गोल्फ चैंपियनशिप में बढ़त हासिल कर ली।



टाइगर वुड्स सितंबर में पीठ की सर्जरी करवाने के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। उन्होंने यह सर्जरी इसलिए करवाई ताकि वह लगातार पांचवें वर्ष अपने बेटे के साथ खेलने के लिए पूरी तरह फिट हो सकें। यह पहला अवसर है जबकि पिता पुत्र की इस जोड़ी ने इस प्रतियोगिता के पहले दौर के बाद बढ़त साझा की है।

### रूट की इंग्लैंड की वनडे टीम में वापसी

**लंदन।** भारत के वनडे दौरे और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अनुभवी बल्लेबाज जो रूट की एक साल से अधिक समय के बाद इंग्लैंड की 50 ओवर के प्रारूप की टीम में वापसी हुई।



रूट इस प्रारूप में पिछली बार 2023 में भारत में हुए 50 ओवर के विश्व कप में खेले थे। ऑलराउंडर और टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को चयन के लिए नहीं चुना गया, वह इस महीने की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं।

## भारत-आस्ट्रेलिया के बीच 26 से खेला जाएगा बॉक्सिंग डे टेस्ट

# रोहित और आकाश चोटिल, तेज गेंदबाज ने कहा चोट गंभीर नहीं

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बाएं घुटने जबकि तेज गेंदबाज आकाशदीप के हाथ पर यहां अभ्यास सत्र के दौरान चोट लग गई। आकाशदीप ने हालांकि बाद में कहा कि चोट गंभीर नहीं है तथा आस्ट्रेलिया के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम फिटनेस की किसी समस्या से नहीं जूझ रही है। इन दोनों खिलाड़ियों पर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास सत्र के दौरान थ्रो डाउन का सामना करते हुए चोट लगी। यह दोनों खिलाड़ी कुछ असहज नजर आ रहे थे।

रोहित ने अपने बाएं घुटने में चोट लगने के बावजूद बल्लेबाजी का अभ्यास जारी रखा लेकिन बाद में फिजियोथेरेपिस्ट ने उनका उपचार किया। वह कुछ देर तक कुर्सी पर पैर पसारकर बैठे रहे और फिर चुपचाप चले गए। रोहित की स्थिति को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है लेकिन आकाश ने कहा कि यह अभ्यास के दौरान लगने वाली मामूली चोट है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'जब आप क्रिकेट खेलते हैं तो इस तरह की मामूली चोट लगना आम बात होती है। मुझे लगता है कि अभ्यास के लिए तैयार किया गया यह विकेट सफेद गेंद की क्रिकेट के लिए है और यही वजह है कि उसमें कुछ गेंद नीची रह रही थी। अभ्यास के दौरान इस तरह की चोट लगना आम होता है। चोट को लेकर कोई बड़ी चिंता नहीं है।'



### अब 'हेडेक' होगा गायब शॉर्ट बॉल से देंगे जवाब

ट्रैविस हेड भारतीय टीम के लिए काफी समय से 'सिरदर्द' बने हुए हैं। उनका बल्ला इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी जमकर बोल रहा है। वह पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के शुरुआती तीन मुकाबलों में 81.80 के दमदार औसत से 409 रन बटोर चुके हैं, जिसमें दो सेंचुरी शामिल हैं।



आकाश का मानना है कि हेड शॉर्ट बॉल पर जूझते हैं। उन्होंने संकेत दिया कि हेड को सस्ते में ढेर करने के लिए भारत शॉर्ट पिच गेंद को 'हथियार' के रूप में इस्तेमाल कर सकता है। आकाश ने रविवार को मेलबर्न में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, ''हमने जो रणनीति बनाई है, उसके बारे में नहीं बता सकते क्योंकि इससे वे भी तैयार हो जाएंगे। एक गेंदबाज के रूप में हम अनुशासित गेंदबाजी करने पर ध्यान देंगे। हम पिच और परिस्थिति का आकलन करके उसी तरह से रणनीति बनाएंगे।'

### ब्रिस्बेन में फॉलोऑन बचाना लक्ष्य नहीं था



आकाशदीप ने जसप्रीत बुमराह के साथ मिलकर ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में 10वें विकेट के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी करके भारत को फॉलोऑन से बचाया था। आकाश ने कहा, 'हम निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए आते हैं और इसलिए 20, 25 या 30 रन का योगदान बहुमूल्य होता है। मैं तब केवल टीम में योगदान देने के बारे में सोच रहा था। मैं उस दिन फॉलोऑन बचाने के लिए नहीं खेल रहा था। मेरा ध्यान केवल इस पर था कि मुझे आउट नहीं होना है। ईश्वर ने चाहा और हम फॉलोऑन बचाने में सफल रहे।

## वनडे क्रिकेट

# भारत ने वेस्टइंडीज को रिकॉर्ड 211 रन से रौंदा




जेंसी ▶▶| वड़ोदरा

स्मृति मंधाना की 91 रन की शानदार पारी के बाद रेणुका सिंह ठाकुर (पांच विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के कमाल के प्रदर्शन से भारत ने तीन मैचों के पहले महिला एकदिवसीय में वेस्टइंडीज को रिकॉर्ड 211 रन के बड़े अंतर से शिकस्त दी।

भारत ने नौ विकेट पर 314 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज की पारी को महज 26.2 ओवर में 103 रन पर समेट दिया। भारतीय टीम की यह रनों के लिहाज से वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे बड़ी जीत है। रेणुका ने 10 ओवर में 29 रन देकर करियर में पहली बार पांच विकेट चटकाए जबकि प्रिया मिश्रा को दो सफलता मिली। टिटास साधु और दीप्ति शर्मा ने एक-एक विकेट चटकाए। शानदार लय में चल रही मंधाना ने लगातार पांचवीं बार 50 रन (टी20 और एकदिवसीय) के स्कोर को पार किया है। पदार्पण वनडे खेल रही प्रतिका रावल ने 40, हरलीन देयोल 44, हरमनप्रीत कौर 34, रिचा घोष 26 और जेमिमा रोड्रिग्स ने 31 रन तेजी से बनाये जिसए भारतीय टीम ने 300 रनों के आंकड़े को पार किया।

## ला लिगा में शीर्ष पर बनाई जगह

# एटलेटिको मैड्रिड की लगातार 12वीं जीत



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

एटलेटिको मैड्रिड ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बार्सिलोना को 2-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। एटलेटिको मैड्रिड की तरफ से सुपर सब एलेक्जेंडर सोरलोथ ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में निर्णायक गोल किया।

इससे यह सुनिश्चित हो गया कि एटलेटिको मैड्रिड शीतकालीन अवकाश के दौरान ला लिगा की अंक तालिका में शीर्ष पर बना रहेगा। एटलेटिको मैड्रिड की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 12वीं जीत है जिससे वह बार्सिलोना से तीन अंक आगे हो गया है।

### 9 मैचों में सिर्फ 2 जीत

बार्सिलोना ने अपने पिछले नौ मैचों में केवल दो जीत दर्ज की हैं। बार्सिलोना ने शुरू में दबदबा बनाया तथा पेड्रि ने 30वें मिनट में गोल करके उसे बढ़त दिला दी। रोड्रिगो डी पॉल ने दूसरे हाफ के शुरू में बार्सिलोना की रक्षापंक्ति के गलती का फायदा उठाकर एटलेटिको मैड्रिड को बराबरी दिला दी। इसके बाद रही सही कसर सोरलोथ ने पूरे कर दी।

### बिलबाओ ने की वापसी



एक अन्य मैच में एथलेटिक बिलबाओ ने पिछड़ने के बाद वापसी करके ओसासुना को 2-1 से हराया और अपने अजेय क्रम को 14 मैचों तक बढ़ा दिया। वह अब एटलेटिको से केवल पांच अंक पीछे रह गया है। मैलोर्का ने एक अन्य मैच में गेटाफे को 1-0 से हराया जिससे वह अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है।

## खेल मंत्री मांडविया ने 'फिट इंडिया संडे साइकिल' को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामलों के खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव की निरंतरता को बनाए रखते हुए 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' पहल रविवार सुबह मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में हरी झंडी दिखाकर शुरू की गई। खेल मंत्री के अलावा इस कार्यक्रम में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, खेल प्राधिकरण के कैम्पर्स, इंदिरा गांधी स्टेडियम के युवा जिम्नास्ट, वरिष्ठ अधिकारी और दिल्ली के विभिन्न साइकिलिंग क्लबों के 500 से अधिक राइडर्स उपस्थित थे।



ध्वजारोहण समारोह में पूर्व डब्लूडब्लूई स्टार शैंकी सिंह भी उपस्थित रहे, जिन्हें पूर्व डब्लूडब्लूई चैंपियन जिंदर महल के साथ टैग टीम स्टेबल का हिस्सा होने के लिए जाना जाता है। वहीं पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी मौमा दास ने कोलकाता स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का ध्वजारोहण किया।

# एमसीजी पर लोकप्रियता में भी 'किंग' हैं कोहली

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

- पिछले 5 पारियों में कोहली ने बनाए 26 रन

दो साल पहले जब उन्होंने टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ 53 गेंद में नाबाद 82 रन बनाकर भारत को असंभव सी जीत दिलाई तो मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर जमा 90000 से अधिक दर्शकों की जुबां पर एक ही नाम था ..विराट कोहली।

क्रिकेट की किवदंतियों में शुमार इस पारी से उन्होंने अपने आलोचकों को भी करारा जवाब दिया। दो साल बाद प्रारूप अलग है लेकिन हालात वही। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले



मैच में पर्थ में शतक जमाने के बाद बाकी पांच पारियों में कोहली 26 रन ही बना सके हैं। लेकिन उनके प्रशंसकों को यकीन है कि अपने पसंदीदा मैदान एमसीजी पर उनका बल्ला जमकर चलेगा। यहां उनकी लोकप्रियता का आलम यह है कि टूर गाइड से लेकर सुरक्षाकर्मियों तक सभी की जुबां पर उन्हीं का नाम है। एमसीजी पर आस्ट्रेलियाई खेल संग्रहालय के टिकट काउंटर पर पहुंचते ही कोहली की तस्वीरों से ही सामना होता है।

# सूर्यवंशी का वैभव... लिस्ट ए मैच खेलने वाले सबसे युवा भारतीय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- विजय हजारे ट्रॉफी

भारतीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने विजय हजारे वनडे ट्रॉफी के दौरान एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। वैभव लिस्ट ए क्रिकेट में खेलने वाले सबसे युवा भारतीय बन गए हैं। 13 वर्षीय बल्लेबाज ने यह उपलब्धि बिहार और मध्य प्रदेश के बीच विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप ई मैच के दौरान हासिल की। वैभव 13 साल 269 दिन की उम्र में लिस्ट ए मुकाबला खेलने उतरे और उन्होंने अली अकबर को पीछे छोड़ा।

अली अकबर ने विदर्भ के लिए 1999-2000 सीजन में 14 साल 51 दिन की उम्र में लिस्ट ए क्रिकेट में डेब्यू किया था। वैभव रणजी ट्रॉफी डेब्यू करने



वाले और अंडर-19 स्तर पर खेलने वाले सबसे युवा भारतीय हैं। हालांकि, वैभव का लिस्ट ए में डेब्यू यादगार नहीं रहा क्योंकि वह अपनी पारी की दूसरी ही गेंद पर आउट हो गए। उन्होंने पहली गेंद पर बाउंड्री लगाई थी, लेकिन अगली गेंद पर आर्यन पांडे ने उन्हें अपना शिकार बनाया। मैच की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करते हुए बिहार की टीम 46.4 ओवर में 196 रन पर ऑलआउट हो गई थी।

## अनाहत बनीं 79वें वेस्टर्न इंडिया स्लैम चैंपियन

**मुंबई।** भारत की दो बार की चैंपियन अनाहत सिंह ने रविवार को यहां 9,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पेशेवर स्क्वाश संघ चैलेंजर टूर्नामेंट 79वें वेस्टर्न इंडिया स्लैम के



महिला एकल फाइनल में हमवतन शीर्ष वरीय आकांक्षा सौलंके पर 3-0 की जीत दर्ज कर अपना दबदबा जारी रखा। दूसरी वरीय 16 साल की अनाहत ने हमवतन आकांक्षा को महज 25 मिनट में 11-8, 11-8, 11-8 से शिकस्त देकर अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। वहीं पुरुषों के फाइनल में मलेशिया के दूसरे वरीय अमीशेनराज चंद्रन ने चेक गणराज्य के शीर्ष वरीय विक्टर ब्राइटस को 60 मिनट तक चले मुकाबले में 3-1 (15-13, 6-11, 11-5, 11-3) से हराकर खिताब जीते।







# बाबा वेंगा की साल 2024 की ये भविष्यवाणियां हो गईं सच

एजेंसी ▶▶| लंदन

बुल्गारिया की भविष्यवक्ता बाबा वेंगा को उनकी भविष्यवाणियों के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। बाबा वेंगा ने साल 2024 के लिए कई भविष्यवाणियां की थीं, जो बेहद डराने वाली थीं। प्रसिद्ध भविष्यवक्ताओं में शामिल बाबा वेंगा की कई भविष्यवाणियां सच साबित हो चुकी हैं। बाबा वेंगा को बाल्कन क्षेत्र का नास्त्रेदमस कहा जाता है। बाबा वेंगा ने अपनी मौत से पहले दुनिया के खत्म होने से लेकर युद्ध और आपदा समेत कई भविष्यवाणियां की थीं। उन्होंने वर्ष 5079 तक की भविष्यवाणी की थीं। बाबा वेंगा ने सोवियत संघ के विघटन, अमेरिका में आतंकी संगठन अलकायदा के 9/11 हमले समेत कई भविष्यवाणियां की थीं, जो सच साबित हुई हैं। बुल्गारिया की दृष्टिहीन बाबा वेंगा की आंखों की रोशनी सिर्फ 12 साल की उम्र में ही चली गई थी। बाबा वेंगा की साल 1996 में 85 वर्ष की आयु में मौत हो गई थी। दावा किया जाता है कि बाबा वेंगा की 85 फीसदी भविष्यवाणियां सच साबित हुई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, एक घातक तूफान में उनकी आंखों की रोशनी जाने के बाद उनको अपनी शक्तियां मिली थीं। एस्ट्रोफेम के मुताबिक, बाबा ने साल 2024 में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हत्या की कोशिश की भविष्यवाणी की थी। आज हम आपको अपनी इस खबर में बताते हैं कि साल 2024 में बाबा वेंगा की कौन-कौन सी भविष्यवाणियां सच साबित हुई हैं।



## चिकित्सा के क्षेत्र में सफलता

बाबा वेंगा ने कुछ सकारात्मक भविष्यवाणियां भी की थीं। उनके मुताबिक, साल 2024 में चिकित्सा के क्षेत्र में सफलताओं की उम्मीद है। इसमें अल्जाइमर जैसी बीमारियों के लिए नए उपचार और 2024 तक कैंसर का संभावित इलाज शामिल है। बाबा वेंगा की यह भविष्यवामी सच साबित हुई है, क्योंकि रूस ने दावा किया है कि उसने कैंसर की वैक्सीन बना ली है। रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि 2025 से वैक्सीन लगानी शुरू कर दी जाएगी। हालांकि, रूस ने यह भी साफ किया है कि इस वैक्सीन का शॉट सिर्फ कैंसर मरीजों के लिए होगा, न कि ट्यूमर को बनने से रोकने के लिए।

## यूरोप में आतंकी हमला



बाबा वेंगा ने साल 2024 में यूरोप में आतंकी हमले की आशंका भी जताई थी। उनकी यह भी भविष्यवाणी सच साबित होती देखी रही है। यूरोप के कुछ देशों में आतंकी हमले की कोशिश हुई है, तो कुछ में हमले भी हुए हैं। हाल ही में जर्मनी में क्रिसमस मार्केट में एक शख्स ने तेज रफ्तार एक कार घुसा दी, जिसमें अभी तक 11 लोगों की मौत हो गई है।

## प्राकृतिक आपदा



बाबा वेंगा ने साल 2024 में गंभीर मौसमी घटनाओं और प्राकृतिक आपदाओं के आने की भविष्यवाणी की थी। यह भी कुछ हद तक सच साबित हुई। अध्ययन से जानकारी मिली है कि उच्चतम तापमान बढ़ गया है। साल 2024 में दुनियाभर में भीषण गर्मी देखने को मिली। भीषण गर्मी झेलने के बाद दुनिया के अधिकतर देशों को बारिश और बाढ़ की मार झेलनी पड़ी।

## आर्थिक संकट

बाबा वंगा ने साल 2024 में आर्थिक संकट आने की भविष्यवाणी की थी। इसके अलावा वैश्विक आर्थिक शक्ति में बदलाव, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कर्ज का बढ़ता स्तर बताया था। अगर आप देखा जाए, तो इस साल अमेरिका लगातार मुद्रास्फीति से जूझता रहा है। अमेरिका के अलावा जापान में भी आर्थिक गति सुस्त रही। कई दूसरे देशों की भी आर्थिक हालत ठीक नहीं है।

# ये धुंध का नाता सिर्फ सर्दियों से ही क्यों है? गर्मी में इसे क्या हो जाता है

**नई दिल्ली।** सर्दी के मौसम में ठिठुरन तो परेशान करती ही है, साथ ही फॉग यानी कोहरा भी परेशानी का कारण बनाता हैं। लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि ये फॉग सिर्फ सर्दियों में ही क्यों होता है? गर्मी के मौसम में क्यों नहीं। सर्दियों में तापमान गिरने से हवा में मौजूद नमी पानी के कणों में बदल जाती है, जिससे कोहरा बनता हैं। यह पानी की छोटी-छोटी बूंदें हवा में तैरने लगती हैं, जो हमारी आंखों में कोहरे के रूप में दिखती हैं। ठंड के मौसम में सूर्य की किरणों की तीव्रता कम हो जाती है, और इससे हवा में मौजूद नमी भाप में नहीं बदल पाती। नमी को भाप में बदलने के लिए सूरज की गर्मी चाहिए होती है, जो ठंड में कम होती हैं।

## नमी के कारण ज्यादा बनता है कोहरा



जहां पानी के स्रोत जैसे नदियाँ, खेत या समुद्र होते हैं, वहां अधिक नमी होती हैं। इस नमी के कारण कोहरा ज्यादा बनता है, क्योंकि पानी की बूदें हवा में तैरने लगती हैं और कोहरा बन जाता हैं। प्रदूषण के कारण हवा में धूल और अन्य प्रदूषक तत्व होते हैं, जो नमी के कणों से मिलकर कोहरे को घना बना देते हैं। इस कारण कोहरा और भी अधिक दिखाई देता है, जिससे दृश्यता कम हो जाती हैं। सर्दियों में हवा धीमी गति से चलती है, जिससे कोहरा अधिक समय तक बने रहता हैं। तेज हवा के बिना, कोहरा जल्दी से खत्म नहीं होता और वातावरण में बना रहता हैं।

## गर्मी से गायब हो जाता है कोहरा

रात के समय और सुबह के समय तापमान तेजी से गिर जाता है, जिससे हवा में मौजूद नमी और अधिक संकेंद्रित हो जाती है, जिससे कोहरा और घना हो जाता है।




# ये मीठी चीज कभी खराब ही नहीं होती!

**मुंबई।** शहद सेहत के लिए कई मायनों में फायदेमंद होता है। लेकिन क्या आपको ये मालूम है कि शहद कभी खराब नहीं होता है। शहद में प्राकृतिक रूप से पानी की मात्रा बेहद कम होती है। यह बैक्टीरिया और फंगस को पनपने का मौका नहीं देता, जिससे शहद लंबे समय तक खराब नहीं होता। शहद के एंटीबायोटिक गुण उसे सूक्ष्मजीवों से बचाते हैं।ये गुण शहद को न सिर्फ सुरक्षित रखते हैं बल्कि इसे औषधीय रूप से भी उपयोगी बनाते हैं।

शहद का pH स्तर 3-4 के बीच होता है, जो इसे एसिडिक बनाता है। यह अम्लीय वातावरण बैक्टीरिया और अन्य सूक्ष्मजीवों को पनपने से रोकता है। शहद का गाढ़ापन भी एक कारण है कि इसमें बैक्टीरिया और अन्य सूक्ष्मजीव विकसित नहीं हो पाते। यह उसकी संरचना को सुरक्षित रखता है। शहद में बाहरी मिलावट का कोई सवाल नहीं होता। इसकी प्राकृतिक संरचना इसे लंबे समय तक खराब होने से बचाती है। शहद में ऑक्सीजन की मात्रा बेहद कम होती है। इस वजह से सूक्ष्मजीवों को पनपने का माहौल नहीं मिलता। क्या आप जानते हैं कि मिस्त्र के पिरामिड में हजारों साल पुराना शहद मिला था, जो अब भी खाने लायक था? यह शहद की अद्भुत संरचना और शुद्धता का प्रमाण है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्प्लेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com